मंडला, भोपाल, जबलपुर, कटनी, इंदौर, मुंबई, दिल्ली, रायपुर, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

yashbharat.co.in

नये जमाने के साथ..

यश भारत

● वर्ष-11 अंक-138 ● नरसिंहपुर ● गुरुवार , 5 नवम्बर , 2026 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 11 ● विक्रम संवत् 2083

आत्म-नियंत्रण जीवन की असली शक्ति है। इसे मजबूत बनाना रोज़ का काम है।



अग्निवीरों को दो साल का सेवा विस्तार
अब 6 साल तक कर सकेंगे नौकरी

25 प्रतिशत को नियमित सैनिक बनाने का नियम बरकरार ,शेष 75 प्रतिशत को भी अतिरिक्त मौका

नई दिल्ली। यशभारत। अग्निपथ योजना के तहत सेना में भर्ती होने वाले अग्निवीरों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की गई है। अब अग्निवीर चार साल के बजाय छह साल तक सेना में सेवाएं दे सकेंगे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने बुधवार को दो साल का अतिरिक्त सेवा विस्तार देने का ऐलान किया। इस फैसले से उन 75 प्रतिशत अग्निवीरों को फायदा मिलने की उम्मीद है, जिन्हें चार साल की सेवा पूरी होने के बाद सेना से बाहर होना पड़ता था। हालांकि, अतिरिक्त दो साल की सेवा का लाभ अग्निवीरों की सहमति और निर्धारित शर्तों के आधार पर मिलेगा।

नई व्यवस्था में अग्निपथ योजना के मूल प्रावधान को बरकरार रखा गया है। इसके तहत प्रत्येक बैच के 25 प्रतिशत अग्निवीरों को चार साल की सेवा पूरी होने के बाद योग्यता और प्रदर्शन के आधार पर नियमित सैनिक के रूप में शामिल किया जाएगा। वहीं, शेष 75 प्रतिशत अग्निवीरों को दो साल का अतिरिक्त सेवा अवसर मिलेगा। इस अवधि में उन्हें बढ़ा हुआ वेतन और निर्धारित भत्ते भी दिए जाएंगे। छह साल की सेवा पूरी होने के बाद भी सेना में स्थायी नौकरी पाने के इच्छुक अग्निवीरों को चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। उनका चयन मेरिट, कार्यक्षमता और सेवा के दौरान प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। दरअसल, अग्निपथ योजना के तहत भर्ती किए गए पहले बैच का चार साल का कार्यकाल दिसंबर 2026 तक पूरा होने जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, 31 दिसंबर तक पहले बैच के करीब 18,300 अग्निवीरों की सेवा अवधि समाप्त होनी थी। यह संख्या पहले बैच में भर्ती हुए कुल 24,400 अग्निवीरों का लगभग 75 प्रतिशत है।









अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में ट्रंप को बड़ा झटका
दोनों सदनों में डेमोक्रेट्स का कब्जा
डेमोक्रेटिक पार्टी को बहुमत, पिछले 21 में से 19 चुनावों में राष्ट्रपति की पार्टी हारी

वाशिंगटन, एजेंसी। ईरान की राजधानी तेहरान में सत्ता परिवर्तन का सपना देखने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने ही देश में राजनीतिक झटका लगा है। विदेश में सैन्य कार्रवाई और सख्त नीतियों के जरिए अपनी ताकत दिखाने की कोशिश कर रहे ट्रंप को मध्यावधि चुनाव (मिडटर्म इलेक्शन) में जनता ने बड़ा संदेश दिया है। चुनाव में उनकी रिपब्लिकन पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है और विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने संसद के दोनों सदनों- सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में बहुमत हासिल कर लिया है। इस नतीजे के साथ ही अमेरिकी राजनीति का सत्ता संतुलन बदल गया है और ट्रंप प्रशासन के सामने आगामी दो वर्षों में विधायी मोर्चे पर बड़ी चुनौतियां खड़ी होने के आसार हैं।



मिडटर्म चुनाव के नतीजों को ट्रंप सरकार के दो साल के कामकाज, विदेश नीति, आर्थिक फैसलों और ईरान के साथ जारी युद्ध के प्रति जनता की प्रतिक्रिया के तौर पर देखा जा रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने भी स्वीकार किया कि रिपब्लिकन पार्टी के खराब प्रदर्शन के पीछे ईरान युद्ध एक कारण हो सकता है। चुनाव परिणामों ने साफ कर दिया है कि राष्ट्रपति की लोकप्रियता और उनकी नीतियों को लेकर मतदाताओं में असंतोष बढ़ा है। खास बात यह रही कि डेमोक्रेट्स ने उन राज्यों और क्षेत्रों में भी जीत दर्ज की, जिन्हें दशकों से रिपब्लिकन पार्टी का अभेद्य किला माना जाता रहा है।

मैं मैदान में होता तो भारी बहुमत से जीतते -ट्रंप

चुनाव में पार्टी की हार के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिक्रिया में खुद को नतीजों से अलग रखने की कोशिश की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यदि वह खुद चुनाव मैदान में होते तो रिपब्लिकन पार्टी भारी बहुमत से जीत हासिल करती। उन्होंने कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है और वह आगे की ओर देख रहे हैं। ट्रंप का बयान ऐसे समय आया है, जब चुनावी नतीजों ने उनकी राजनीतिक पकड़ और नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि उन्होंने परिणामों को स्वीकार करने और डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर काम करने की बात भी कही है।

रिपब्लिकन के मजबूत गढ़ों में भी सेंध

इस चुनाव की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने केवल अपने परंपरागत प्रभाव वाले क्षेत्रों में ही जीत हासिल नहीं की, बल्कि रिपब्लिकन पार्टी के मजबूत गढ़ों में भी सेंध लगा दी। साउथ कैरोलिना में सीनेट सीट पर जीत को बड़ी राजनीतिक उपलब्धि माना जा रहा है। वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप यहां 18 प्रतिशत अंकों के अंतर से आगे रहे थे। इसके अलावा टेक्सास में भी डेमोक्रेट्स की सफलता ने रिपब्लिकन खेमे को चौंका दिया। यहां वर्ष 1994 के बाद राज्य स्तर पर डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी सफलता नहीं मिली थी। कंसास में भी डेमोक्रेट्स ने इतिहास रचते हुए जीत दर्ज की, जहां 1932 के बाद से कोई डेमोक्रेट सीनेटर निर्वाचित नहीं हुआ था।

सीनेट और प्रतिनिधि सभा में विपक्ष मजबूत

अमेरिकी संसद के दोनों सदनों में डेमोक्रेटिक पार्टी की बढ़त ने ट्रंप प्रशासन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सीनेट की कुल 100 सीटों में से 35 पर चुनाव हुए थे। नतीजों के बाद डेमोक्रेट्स के पास 52 सीटें हो गई हैं, जबकि रिपब्लिकन पार्टी 41 सीटों पर सिमट गई है। दूसरी ओर, प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों पर चुनाव हुए। यहां डेमोक्रेटिक पार्टी ने 218 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया, जबकि रिपब्लिकन पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। गवर्नर पदों के चुनाव में भी डेमोक्रेट्स ने बेहतर प्रदर्शन किया। 26 राज्यों के घोषित परिणामों में 17 सीटों पर डेमोक्रेटिक और 9 पर रिपब्लिकन उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की।

भारतीय मूल के उम्मीदवारों ने भी लहराया परचम

मध्यावधि चुनाव में भारतीय मूल के उम्मीदवारों ने भी अपनी राजनीतिक ताकत दिखाई। फ्लोरिडा के 22वें कांग्रेसनल जिले से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार पिया डाडिया ने जीत हासिल कर प्रतिनिधि सभा में जगह बनाई। वहीं वर्जीनिया के 10वें कांग्रेसनल जिले से सुहास सुब्रमण्यम दोबारा निर्वाचित हुए। इन सफलताओं को अमेरिकी राजनीति में भारतीय मूल के समुदाय की बढ़ती भागीदारी और प्रभाव के तौर पर देखा जा रहा है।

नड्डा का आरोप- कांग्रेस देश को अस्थिर करना चाहती है
राहुल की राजनीति हिट एंड रन



भोपाल। यशभारत। भाजपा ने बुधवार को भोपाल में लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा निकालकर कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। अटल पथ पर आयोजित सभा में केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने और देश में अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किस मुंह से लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है, जबकि उसके शासनकाल में 90 बार चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया गया। आपातकाल का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि वे स्वयं इसके भुक्तभोगी रहे हैं। कांग्रेस और इंडी गठबंधन देश को अस्थिर करना चाहते हैं।

नड्डा ने राहुल गांधी की राजनीति को %हिट एंड रन% करार देते हुए कहा कि कांग्रेस चुनाव में लगातार मिल रही हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रही है। महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में वोट चोरी के आरोप लगाए गए, लेकिन जब चुनाव आयोग ने हलफनामे के साथ आरोपों के समर्थन में सबूत मांगे तो कांग्रेस पीछे हट गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समझ चुकी है कि आने वाले 20-30 वर्षों तक जनता उसे सत्ता में आने का अवसर नहीं देने वाली। यही वजह है कि वह अपनी राजनीतिक विफलताओं का दोष संवैधानिक संस्थाओं पर मढ़ रही है। ईवीएम पर सवाल उठाने के बजाय आत्मचिंतन करें राहुल ×केंद्रीय मंत्री ने ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया पर कांग्रेस के सवालों को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने ईवीएम हैक करने की चुनौती दी थी, लेकिन कांग्रेस का कोई नेता इसे स्वीकार करने सामने नहीं आया। राहुल गांधी को चुनावी हार के कारणों पर आत्मचिंतन करना चाहिए, न कि बार-बार ईवीएम और बैलेट पेपर पर सवाल उठाकर जनता को भ्रमित करना चाहिए।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का अपमान करने और चुनाव आयोग को अपनी जेब की पुड़िया समझने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। जब-जब न्यायालय ने कांग्रेस के खिलाफ फैसला दिया, तब-तब पार्टी ने न्यायाधीशों और न्यायालय की गरिमा पर सवाल उठाए। आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी के नेतृत्व में लंबे समय तक सत्ता चलाई, लेकिन अब जनता का समर्थन नहीं मिलने पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारेबाजी कर रही है।

निर्मला सप्रे के दलबदल पर दो महीने में फैसला करें विधानसभा अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश
उमंग सिंघार की याचिका पर शीर्ष अदालत का आदेश



भोपाल। यशभारत। मध्यप्रदेश की बीना विधानसभा सीट से विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को दो महीने के भीतर मामले का निराकरण करने का आदेश दिया है। इस फैसले के बाद निर्मला सप्रे की विधानसभा सदस्यता को लेकर लंबे समय से जारी कानूनी और राजनीतिक विवाद एक बार फिर चर्चा में आ गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत आने वाले दलबदल संबंधी मामलों का निपटारा अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रखा जा सकता।मामले में याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने पक्ष रखा। कांग्रेस का आरोप है कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में निर्मला सप्रे ने बीना सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक का पद हासिल किया था, लेकिन बाद में उन्होंने भाजपा का समर्थन करना शुरू कर दिया और सत्तारूढ़ दल के पक्ष में राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। कांग्रेस ने इसे दलबदल कानून का उल्लंघन बताते हुए उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग की थी।

बीना के गोदना में रिश्तों का कत्ल!
जेठानी और भतीजी को जिंदा जलाया



घरेलू कलह और ज़मीन के विवाद में देवरानी ने उठाया खौफनाक कदम

सागर, यशभारत । बीना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोदना में सोमवार देर शाम पारिवारिक रंजिश और ज़मीन के विवाद ने एक खौफनाक रूप ले लिया। आरोप है कि घरेलू कलह के चलते देवरानी ने अपनी ही जेठानी और 13 वर्षीय भतीजी को आग के हवाले कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना में गंभीर रूप से घायल 35 वर्षीय गिरजाबाई ठाकुर को तुरंत बीना से लाकर सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं, उनकी 13 वर्षीय बेटी की नाज़ुक हालत को देखते हुए उसे बेहतर और उच्च स्तरीय उपचार के लिए भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

क्या है मामला?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, परिवार में लंबे समय से घरेलू कलह और ज़मीन के बंटवारे को लेकर विवाद चला आ रहा था। सोमवार शाम यह विवाद इतना बढ़ गया कि देवर आकाश की पत्नी (देवरानी) काजल गोस्वामी ने कथित तौर पर गिरजाबाई और उनकी नाबालिग बेटी पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। इतना ही नहीं, दोनों को आग की लपटों में घिरा छोड़कर कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। मां-बेटी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को उपचार के लिए बीना सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी और दहशत का माहौल है। बीना थाना प्रभारी अनूप सिंह यादव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

दो से ज्यादा बच्चे करने पर कानूनी पाबंदी सही नहीं-सुको



नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून अब प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। कोर्ट के मुताबिक, भारत की प्रजनन दर 2003 में 3 थी, जो अब घटकर 1.9 रह गई है। कोर्ट ने कहा कि आने वाले समय में बुजुर्गों की आबादी बढ़ेगी और कामकाजी लोगों का अनुपात घटेगा। अगर इन बदलावों पर ध्यान नहीं दिया गया तो देश को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने इस मामले में 2003 के अपने फैसले को बड़ी बेंच के पास भेज दिया, जिसमें कोर्ट ने हरियाणा के दो बच्चों वाले नियम को सही ठहराया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव की अयोग्यता भी रद्द कर दी। उन्हें तीसरे बच्चे के जन्म के कारण पद से कोर्ट बोला- बढ़ती आबादी का डर अब कानूनों का आधार नहीं - जस्टिस नरसिम्हा ने फैसला सुनाते हुए कहा- हमारी स्पष्ट राय है कि दो से ज्यादा बच्चे होने पर सजा देने वाले कानून अब अपनी प्रासंगिकता खो चुके हैं। इन कानूनों का आधार बढ़ती आबादी का डर था। पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या से जुड़े बदलावों के कारण यह आधार खत्म हो गया है।कोर्ट ने बताया कि 2.1 की प्रजनन दर को रिप्लेसमेंट रेट माना जाता है। इस दर पर एक पीढ़ी अपनी जगह अगली पीढ़ी को ले सकती है। कोर्ट ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए बनाए गए कानूनों की अब समीक्षा जरूरी है।दो बच्चों की शर्त से राजनीतिक अधिकारों से वंचित करना गलत- कोर्ट ने 2003 के फैसले में दो बच्चों की शर्त को सही ठहराने के लिए इस्तेमाल किए गए तर्कों पर भी चिंता जताई।

राजस्थान में ट्रेन उड़ाने की साजिश!
पैसेंजर ट्रेन गुजरने के 45 मिनट बाद रेलवे ट्रैक पर भीषण धमाका



अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर)। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक मंगलवार रात रेलवे ट्रैक पर हुए भीषण विस्फोट ने सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मचा दिया। अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलखंड पर 50 जीबी गांव के पास रात करीब 9ः45 बजे हुए धमाके से रेलवे पटरी के नीचे करीब दो फीट गहरा गड्ढा बन गया और सीमेंट के दो स्लीपर क्षतिग्रस्त हो गए। चौंकाने वाली बात यह रही कि इसी ट्रैक से रात 9 बजे पैसेंजर ट्रेन गुजर चुकी थी। यानी ट्रेन के सुरक्षित निकलने के करीब 45 मिनट बाद विस्फोट हुआ। यदि धमाका ट्रेन के गुजरने के दौरान होता तो बड़ा रेल हादसा हो सकता था।

पाकिस्तानी नेटवर्क की आशंका के बीच एटीएस, आईबी, सीआईडी, एफएसएल और बम निरोधक दस्ते ने जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे ने चार ट्रेनें रद्द कर दीं।विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज करीब 200 मीटर दूर तक सुनाई दी। आसपास की ढाणियों में रहने वाले ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो रेलवे लाइन क्षतिग्रस्त मिली। इसके बाद रामसिंहपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। शुरुआती निरीक्षण में पटरी के नीचे गहरा गड्ढा, टूटे स्लीपर और आसपास बिखरी कंक्रीट सामग्री मिली। रेलवे की तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन शुरू किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एटीएस, आईबी, सीआईडी, एफएसएल और बम निरोधक दस्ते की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस अधीक्षक हरिशंकर के मुताबिक मामले की जांच जारी है।

टीआई दिलीप पुरी हत्याकांड: दो आरोपियों का हाफ एनकाउंटर
पुलिस पर हमला कर भागने की कोशिश में पैर में लगी गोली



देवास,यशभारत। देवास में टीआई दिलीप पुरी की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों का अलग-अलग स्थानों पर शॉर्ट एनकाउंटर किया है। दोनों आरोपियों के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद दोनों ने पुलिस अभिरक्षा से भागने की कोशिश की और इस दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला कर हथियार छीन लिए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई। घायल आरोपियों को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक, हत्याकांड का मुख्य आरोपी गजेंद्र उर्फ अक्कू राठौर को अलीराजपुर से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस टीम उसे लेकर खातेगांव आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में पुलिस वाहन का टायर पंचर हो गया। पुलिसकर्मी जब टायर बदलने में जुटे थे, तभी आरोपी ने पुलिसकर्मी की बंदूक छीनकर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गजेंद्र के दाहिने पैर के निचले हिस्से में गोली लगी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद वैस्कुलर इंटरवेंशन के लिए इंदौर के अरविंदो अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। इसी मामले में दूसरे आरोपी धीरज का भी पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर किया। पुलिस के अनुसार, धीरज पुलिस अभिरक्षा से भागने की कोशिश कर रहा था। उसने पुलिसकर्मी से हथियार छीनकर हमला करने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे चेतावनी दी, लेकिन वह नहीं रुका। इसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस ने गोली चलाई, जो उसके दाहिने पैर में लगी। घायल धीरज को देवास जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत को देखते हुए इंदौर रेफर कर दिया गया। उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। देवास सीएसपी सुमित अग्रवाल के मुताबिक, मुख्य आरोपी गजेंद्र ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम पर हमला कर फायरिंग की थी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में उसे गोली मारी। दूसरे आरोपी के खिलाफ भी पुलिस अभिरक्षा से भागने और पुलिसकर्मी पर हमला करने की स्थिति में कार्रवाई की गई। दोनों घटनाओं के बाद पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

अबू धाबी में मनाया गया भगवान बिरसा मुंडा का जयंती समारोह
प्रवासी भारतीयों ने दिखाई सांस्कृतिक एकजुटता







अबू धाबी, यशभारत। बिहार एंड झारखंड समाज, अबू धाबी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा दिवस के अवसर पर भारतीय दूतावास, अबू धाबी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत डॉ. दीपक मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रगीतों के गायन तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी संस्कृति पर आधारित बनाई गई पेंटिंग्स की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों ने अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ ही महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के जीवन और उनके योगदान को रेखांकित किया। समारोह को संबोधित करते हुए भारतीय राजदूत डॉ. दीपक मित्तल ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके संघर्ष, साहस और देश की आजादी में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन देशभक्ति, सामाजिक चेतना और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विदेश में रहते हुए भी भारतीय संस्कृति, परंपराओं और महापुरुषों की विरासत को जीवित रखने के लिए बिहार एंड झारखंड समाज सहित अबू धाबी में रह रहे प्रवासी भारतीयों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान अबू धाबी में निवासरत विभिन्न प्रदेशों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को स्मृति चिह्न एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह में महिलाओं और बच्चों ने नृत्य एवं गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। भारतीय लोक संस्कृति और परंपराओं पर आधारित इन प्रस्तुतियों ने आयोजन को उत्साह, उमंग और रंगों से भर दिया। विदेश की धरती पर भारतीय सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलक देखने को मिली। पूरे कार्यक्रम में देशप्रेम, सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव का वातावरण बना रहा।

सिवनी के छोटे गांव से लाल किले तक पहुंचा पत्रकार सलीम का सफर
डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रत्न पुरस्कार से हुए सम्मानित

कभी साइकिल से घर-घर अखबार पहुंचाते थे सलीम रेहमान, मुंबई से लेकर दुबई तक पत्रकारिता में बनाई पहचान



नई दिल्ली , यश भारत । मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के एक छोटे से गांव गोपालगंज से शुरू हुआ संघर्ष और मेहनत का सफर आज दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले तक पहुंच गया है। गांव की गलियों में साइकिल से अखबार बेचने वाले सलीम रेहमान को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे सिवनी जिले और मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया है। सलीम रेहमान की कहानी किसी बड़े शहर की सुविधाओं या संसाधनों से शुरू नहीं हुई। उनका ताल्लुक सिवनी जिले के छोटे से गांव गोपालगंज से है। शुरुआती दिनों में उन्होंने साइकिल पर घूम-घूमकर अखबार बेचने का काम किया। इसी दौरान समाचारों और पत्रकारिता के प्रति उनकी रुचि बढ़ी और उन्होंने धीरे-धीरे लिखना शुरू किया। यहीं से उनके पत्रकारिता के सफर की नींव पड़ी। सीमित संसाधनों के बावजूद आगे बढ़ने का उनका जुनून उन्हें एक शहर से दूसरे शहर और फिर देश की सीमाओं के पार ले गया। सलीम ने अपने पत्रकारिता करियर में सिवनी से शुरुआत की और फिर नागपुर तथा मुंबई में अपनी पहचान बनाई। इसके बाद उनका सफर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तक पहुंचा, जहां वे वर्तमान में पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। मुंबई और दुबई में भी उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रत्न पुरस्कार प्रदान किया गया। इनमें यूएई के शाही परिवार के वरिष्ठ सलाहकार एवं ट्रस्ट इन ट्रेड के सीईओ डॉ. अर्शी अयूब जवेरी, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के भतीजे और हाउस ऑफ कलाम, रामेश्वरम के सचिव एपीजेएम जैनुलाबुद्दीन प्रमुख रूप से शामिल रहे।

उपेक्षाः बड़े पुल पर बढ़ता यातायात का दबाव, कब बनेगा केबल ब्रिज?

मंडला-महाराजपुर के बीच एकल मार्ग वाला बड़ा पुल बना यातायात की परेशानी का कारण, लंबे समय से उठ रही केबल ब्रिज निर्माण की मांग



मंडला। मंडला शहर के महाराजपुर क्षेत्र को जोड़ने वाला बड़ा पुल आज यातायात की एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। पुल पर एकल मार्ग होने के कारण दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान पुल पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है, जिसका असर शहर के अंदरूनी मार्गों पर भी दिखाई देता है।

स्थानीय स्तर पर लंबे समय से इस समस्या के स्थायी समाधान के रूप में आधुनिक केबल ब्रिज के निर्माण की मांग उठाई जा रही है। लेकिन सवाल यह है कि शासन, प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर कब ध्यान देंगे?

मंडला जैसे महत्वपूर्ण जिला मुख्यालय में यातायात व्यवस्था को भविष्य की जरूरतों के अनुसार विकसित करना आवश्यक है। शहर की आबादी, वाहनों की संख्या और आवागमन की जरूरतें लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में केवल मौजूदा पुल पर निर्भर रहना आने वाले समय में और बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है।

कब जागेगा प्रशासन?

क्या शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधि किसी अप्रिय घटना का इंतजार कर रहे हैं? क्या समय रहते नए पुल की आवश्यकता पर गंभीरता से विचार नहीं किया जा सकता? जनता की मांग है कि मंडला-महाराजपुर के बड़े पुल की यातायात क्षमता का तकनीकी सर्वे कराया जाए और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए केबल ब्रिज अथवा वैकल्पिक चौड़े पुल के निर्माण की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए।

मंडला को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था चाहिए। यह केवल पुल निर्माण का विषय नहीं, बल्कि शहर के भविष्य और आम नागरिकों की सुरक्षा का सवाल है।

स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

दीपावली से पूर्व वेतन और बोनस के लिए श्रम पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पीएफ, वेतन वृद्धि और अनिवार्य बोनस की मांग तेज

नारायणगंज, यशभारत। मंडला जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर श्रम विभाग का दरवाजा खटखटाया है। आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए, मप्र राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने श्रम पदाधिकारी मंडला को अपनी मांगो को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में मुख्य रूप से शासकीय कार्यालयों के कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व वेतन एवं बोनस का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की गई है।

संघ के जिलाध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में वेतन और बोनस भुगतान के साथ आउटसोर्स कर्मचारियों का बकाया पीएफ की प्राप्ति और वेतन वृद्धि का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया है। संघ ने अपने ज्ञापन में विगत 22 सितम्बर को दिए गए पूर्व ज्ञापन का भी हवाला दिया है। ज्ञापन में श्रम कानूनों का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि पेमेंट ऑफ वेजेज एक्ट 1936 के तहत कर्मचारियों को माह की निर्धारित तिथि से पूर्व समयबद्ध वेतन प्राप्त करने का वैधानिक अधिकार प्राप्त है। इसके अलावा, पेमेंट ऑफ बोनस एक्ट 1965 के कानूनी प्रावधानों के अनुसार समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों को त्योहार से पूर्व नियमानुसार बोनस का भुगतान किया जाना अनिवार्य है।

एजेंसियों पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग

कर्मचारियों ने श्रम विभाग से निवेदन किया है कि वह जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं आउटसोर्स एजेंसियों को निर्देशित कर दीपावली से पूर्व वेतन और बोनस का शत-प्रतिशत भुगतान कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही यह मांग भी रखी गई है कि वेतन या बोनस भुगतान में विलंब करने वाली ठेका एजेंसियों और मुख्य नियोक्ताओं के विरुद्ध श्रम नियमों के तहत सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान ये रहे मौजूद

श्रम पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के जिला अध्यक्ष अशोक यादव के साथ आदर्श नंदा, विकेंद्र यादव, पहल सिंह, वैभव पुसाम, नरेश कुमार वरकड़े, देवराज चौधरी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य सभी आउटसोर्स कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पंचायत में भुगतान का अजब-गजब खेल

वेंडर और मजदूरी का एक ही बैंक खाता, आखिर माजरा क्या है?



मंडला। जनपद पंचायत मंडला की ग्राम पंचायत सकवाह में शासकीय भुगतान को लेकर चौंकाने वाली विसंगतियां सामने आई है। प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, श्याम ट्रेडर्स के बिल में और मजदूरी भुगतान से जुड़े पत्र में एक ही बैंक खाता क्रमांक दर्ज है। अब सवाल यह है कि सामग्री सप्लाई करने वाले वेंडर और मजदूरी भुगतान का बैंक खाता एक ही कैसे हो सकता है ? क्या मजदूरों की मजदूरी भी वेंडर के खाते में पहुंची है? या फिर कागजों में ही भुगतान का खेल चल रहा है? एक ही खाते में वेंडर का भुगतान और मजदूरी का हिसाब! इस पूरे मामले ने पंचायत की भुगतान व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला प्रशासन से मांग है कि बिल, मस्टर रोल और बैंक खाते की जांच कराई जाए तथा अनियमितता मिलने पर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

नेटवर्क की चुनौतियों के बीच ग्रामीणों तक पहुँच रहे पटवारी

मंडला , यशभारत। स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीणों को उनकी रजिस्ट्री दिलाने के लिए मंडला जिले में राजस्व अमला लगातार मैदानी स्तर पर जुटा हुआ है। दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों, सीमित संसाधनों और कई स्थानों पर नेटवर्क की समस्या जैसी चुनौतियों के बावजूद पटवारी गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर हितग्राहियों के स्वामित्व पंजीयन एवं रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस कार्य के दौरान राजस्व अमला केवल कार्यालयों तक सीमित न रहकर सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंच रहा है। ग्राम पोंडी एवं पंचायत राता , ग्राम सोढ़ा मॉल, ग्राम कटंगसिवनी, ग्राम खैरानी सहित जिले के विभिन्न ग्रामों में आयोजित स्वामित्व रजिस्ट्री कैंप में पटवारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर हितग्राहियों के पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। कई स्थानों पर नेटवर्क की उपलब्धता नहीं होने के कारण तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इसके बावजूद ग्रामीणों को बार-बार कार्यालयों



के चक्कर न लगाने पड़ें, इस उद्देश्य से कर्मचारी गांवों में ही पहुंचकर कार्य संपादित कर रहे हैं।

स्वामित्व योजना में मंडला जिले की प्रगति

मंडला जिले में स्वामित्व योजना के अंतर्गत अभी तक कुल 1,035 ग्रामों के 66,971 प्लॉट एवं 73,415 हितग्राही शामिल हैं। इनमें से 26,609 प्रकरणों में कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का 39.73 प्रतिशत है। स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को उनकी आबादी भूमि की रजिस्ट्री उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। यह दस्तावेज न केवल संपत्ति पर उनके अधिकार को कानूनी पहचान देता है, बल्कि भविष्य में विभिन्न आर्थिक एवं शासकीय सुविधाओं का लाभ लेने में भी सहायक बन सकता है। ग्रामीणों को रजिस्ट्री का दस्तावेज उपलब्ध कराने के इस महत्वपूर्ण कार्य में राजस्व अमले का मैदानी परिश्रम और प्रतिबद्धता सराहनीय है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और तकनीकी बाधाओं के बीच भी गांवों तक पहुंचकर कार्य करना प्रशासन की जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

देवास कांडः कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



मंडला , यशभारत। जिला कांग्रेस कमेटी ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निर्देशानुसार विगत दिनों देवास जिले के खातेगांव में शराब पकड़ने गए थाना प्रभारी की ट्रक की टक्कर से हत्या मामले में प्रदेश कि भाजपा सरकार राज्य में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन नयाब तहसीलदार को सौंपा और मांग कि पुलिस निरीक्षक कि हत्या मामले के हत्यारे को फांसी दी जाए साथ ही मृतक आश्रित को मुआअजा के साथ ही परिवार के सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जाएं कार्यक्रम में जिला संगठन महासचिव राजेंद्र राजपूत जिला उपाध्यक्ष अमित शुक्ला जिला महामंत्री सरजू तिवारी सतीश झरिया सचिव धनेश्वरी मसराम रेशमा अल्वी महेंद्र चंदौल जिला मीडिया प्रभारी विवेक दुबे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे

पक्षिा परस्ते का संभागीय अंडर-14 क्रिकेट टीम में चयन



मंडला , यशभारत। प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर ग्रामीण अंचलों के युवा लगातार सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। इसका एक बेहतरीन उदाहरण निवास तहसील के ग्राम पददीकोना निवासी 12 वर्षीय युवा क्रिकेट खिलाड़ी पवित्र कुमार परस्ते ने प्रस्तुत किया है। पवित्र का चयन 70वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 के अंतर्गत संभागीय अंडर-14 क्रिकेट टीम में हुआ है। सबसे खास बात यह है कि इस संभागीय टीम में मंडला जिले से चयनित होने वाले वे एकमात्र खिलाड़ी हैं। अब वे भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस उपलब्धि से पूरे जिले का गौरव बढ़ा है।

कटनी में आयोजित प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जानकारी अनुसार मप्र शासन द्वारा आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत अंतर-जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कटनी में किया गया था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के प्रतिभाशाली खिलाडियों ने अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन किया। खिलाडियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और चयन प्रक्रिया के आधार पर संभागीय टीम का गठन किया गया, जिसमें पवित्र कुमार परस्ते ने अपनी मजबूत जगह पक्की की। कम उम्र में इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करना उनके खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

हस्तशिल्प प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने सीखी विभिन्न शिल्प विधाएं

मंडला , यशभारत। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय एवं हस्तशिल्प सेवा केंद्र भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में जगन्नाथ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, तिलक वार्ड मंडला में आयोजित तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम का द्वितीय दिवस संपन्न हुआ। 2 से 4 नवंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी हस्तशिल्प की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। द्वितीय दिवस विद्यार्थियों को काष्ठ शिल्प, खजूर की पत्तियों से कलात्मक वस्तुएं बनाने, चित्रकला एवं बांस शिल्प का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों ने स्वयं विभिन्न कलाकृतियां एवं उपयोगी वस्तुएं तैयार कीं। हस्तशिल्प विशेषज्ञों ने उन्हें शिल्पकला की बारीकियों से अवगत कराते हुए तैयार कलाकृतियों में सुधार के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य कल्पना नामदेव, शैलेष जायसवाल, प्रवीण अग्रवाल, विपिन लखेरा, शिवम मिश्रा, दशरथ सिंह कुशराम एवं मोहिनी कुशराम सहित कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), भोपाल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र में हस्तशिल्प सेवा केंद्र भोपाल के नरेश कुमार (एलडीसी), गोंड पेंटिंग के मास्टर शिल्पी ब्रजेश कुमार (पाटनगढ़), रंजपुर पाती के मास्टर शिल्पी कनक खड़से (नैनपुर), काष्ठ शिल्प के मास्टर शिल्पी चन्दन विश्वकर्मा (इटारसी) एवं बांस शिल्प के मास्टर शिल्पी उमागणेश लोधी (मंडला) द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

गांजे की तस्करी करता गुर्गा गिरफ्तारः गैंग फरार

मंडला , यशभारत। जिले में नशे के अवैध कारोबार और मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में थाना घुघरी पुलिस ने विशेष सघन जांच अभियान के तहत एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने एक अर्टिगा वाहन से गांजे की तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद किया है। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी प्रकाश चंद्र सेन को मुखबिर तंत्र से सटीक सूचना मिली थी कि मूलचंद नामक एक व्यक्ति अर्टिगा कार में भारी मात्रा में गांजा रखकर घुघरी की ओर आ रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई की रणनीति बनाई। पुलिस टीम ने गल्ला मंडी घुघरी के पास घेराबंदी कर वाहनों की सघन चेकिंग शुरू कर दी। कुछ ही देर बाद मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए वाला अर्टिगा वाहन वहां पहुंचा, जिसे पुलिस टीम ने रोककर विधिवत तलाशी ली।



तलाशी के दौरान वाहन से 3 किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से आरोपी मूलचंद साहू (पिता भजनलाल साहू, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम भोका देवरी) को धर दबोचा। इसके साथ ही गांजा परिवहन में प्रयुक्त की जा रही अर्टिगा कार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। थाना प्रभारी प्रकाश चंद्र सेन के नेतृत्व में घुघरी पुलिस इन दिनों नशे के अवैध कारोबारियों पर लगातार शिकंजा कस रही है। पुलिस की सक्रियता, मजबूत मुखबिर तंत्र और त्वरित कार्रवाई के चलते क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगा है। मादक पदार्थों के विरुद्ध मिली इस महत्वपूर्ण सफलता में घुघरी थाने के पुलिस स्टाफ का विशेष सहयोग और सराहनीय योगदान रहा।

जिला बदर आरोपी पर पुलिस का शिकंजा

8 जिलों से 12 माह के लिए निष्कासित था आरोपी : पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा



खुरई, यशभारत । पुलिस अधीक्षक सागर संजीव कुमार सिंहा के निर्देशन में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आदतन अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (बीना) जयवीर सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर नरेंद्र सोलंकी एवं एसडीओपी खुरई के कुशल मार्गदर्शन में थाना खुरई शहर पुलिस को जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी की मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई।सूचना पर थाना खुरई शहर पुलिस टीम द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए आरोपी की तलाश की गई। पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता एवं सूझबूझ से घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। सौरभ यादव पिता जगभान यादव, उम्र 27 वर्ष, निवासी मुड़िया, थाना खुरई शहर, जिला सागर को पूर्व में 12 माह की अवधि के लिए सागर सहित कुल 8 जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित (जिला बदर) किया गया था। इसके बावजूद आरोपी द्वारा जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना खुरई शहर में अपराध क्रमांक 321/26, मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 14 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस की चेतावनी

जिला बदर, बाउंड ओवर एवं अन्य प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर पुलिस की सतत निगरानी है। कानून एवं प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अपराधियों को किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जाएगी।

किसान की शिकायत पर मंडी सचिव का बड़ा एक्शन

ट्रेडर्स के क्रय-विक्रय पर लगाई रोक

चना खरीदी में 50 रुपये प्रति क्विंटल की कथित अवैध कटौती का मामला

गढ़ाकोटा। कृषि उपज मंडी समिति गढ़ाकोटा में किसानों से उपज खरीदी के दौरान कथित रूप से अवैध कटौती किए जाने का मामला सामने आने के बाद मंडी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। किसान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मंडी सचिव ने गढ़ाकोटा की अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी फर्म सिंघई ट्रेडर्स के क्रय-विक्रय पर जांच अवधि तक प्रतिबंध लगा दिया है। मंडी प्रशासन की इस कार्रवाई से कृषि उपज मंडी में व्यापारियों के बीच भी हलचल देखी जा रही है।

मामला 29 अक्टूबर 2026 का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान विनोद जैन ने कृषि उपज मंडी समिति गढ़ाकोटा में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि सिंघई ट्रेडर्स द्वारा उनकी चना उपज की खरीदी के दौरान निर्धारित नीलामी दर के अतिरिक्त 50 रुपये प्रति क्विंटल की कटौती की गई।

शिकायत के मुताबिक किसान ने 29 अक्टूबर को डाक नीलामी के माध्यम से कुल 16 क्विंटल चना बेचा था। उक्त उपज की खरीदी नीलामी अनुबंध क्रमांक 271291026-86 के अंतर्गत 6885 रुपये प्रति क्विंटल की दर से हुई थी। किसान का आरोप है कि नीलामी में तय दर के बावजूद व्यापारी द्वारा प्रति क्विंटल 50 रुपये की अतिरिक्त कटौती की बात कही गई। किसान ने अपनी शिकायत में यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में भी संबंधित फर्म द्वारा इसी प्रकार की कटौती की गई थी।

शिकायत मिलते ही मंडी सचिव ने जारी किया प्रतिबंध आदेश किसान की शिकायत सामने आने के बाद मंडी समिति ने मामले को गंभीरता से लिया। कृषि उपज मंडी समिति गढ़ाकोटा के सचिव द्वारा 30 अक्टूबर 2026 को आदेश क्रमांक मंडी/नियमन/26-27/380 जारी किया गया।



कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति गढ़ाकोटा जिला सागर म0प्र0

क्रमांक/मंडी/नियमन/26-27/ 3580 गढ़ाकोटा, दिनांक 30/10/2026

प्रति,
फर्म सिंघई ट्रेडर्स
अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी
कृषि उपज मण्डी समिति
गढ़ाकोटा जिला सागर

विषय :- क्रय विक्रय प्रतिबंधित करने बाबत।
संदर्भ :- कृषक विनोद जैन का आवेदन दिनांक 29/10/2026।

—00—

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा लेख कर आपको सूचित किया जाता है कि कृषक के आवेदन अनुसार दिनांक 29/10/2026 को आपके द्वारा डाक नीलामी में कृषक विनोद जैन से 16 क्विंटल चना क्रय किया गया जिसका अनुबंध क्र 271291026-86 दिनांक में 6885 रुपये की दर से 64 किग्रा गया अनोरम वाणुबंधर आपके द्वारा राशिकल से 50 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सुबध्द शर्तो को ज्ञात नहीं की मण्डी अधिनियम 1972 एवं अनुशासित अधिनि सन 2000 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। कृषक के लेख अनुसार, कुल से की आपके द्वारा संशोधित 50 रुपये प्रति क्विंटल की दर, से मुताबा अदायी गई है।

उक्त विवेचना के तारतम्य में आदेश जारी दिनांक 30/10/2026 से जांच अवधि तक क्रय-विक्रय प्रतिबंधित किया जाता है। सूचित हो।

कृपा अनुपालन/मंडी/ स्थापना/26-27/
प्रतिलिपि :-
1- वीमार भारसाधक अधिकारी (तहसीलदार)गढ़ाकोटा सूचित उपज मण्डी समिति गढ़ाकोटा की ओर इत्तलार्थ।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
गढ़ाकोटा जिला सागर

किसान की शिकायत के बाद मंडी प्रशासन सख्त; जांच पूरी होने तक कारोबार रहेगा प्रतिबंधित

मंडी सचिव द्वारा जारी प्रतिबंध आदेश की प्रतिलिपि भारसाधक अधिकारी (तहसीलदार), कृषि उपज मंडी समिति गढ़ाकोटा को भी सूचनार्थ भेजी गई है। इससे स्पष्ट है कि मंडी प्रशासन ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

किसानों के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं!

मंडी में अपनी उपज बेचने आने वाला किसान पहले ही लागत, मेहनत और मौसम की चुनौतियों से जूझता है। ऐसे में यदि नीलामी में तय कीमत के अतिरिक्त किसी प्रकार की अनधिकृत कटौती होती है तो इसका सीधा असर किसान की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। मंडी प्रशासन की इस कार्रवाई को किसानों के हितों की सुरक्षा और मंडी में पारदर्शी व्यापार व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मंडी सचिव का कहना है कि किसान की ओर से प्राप्त शिकायत के आधार पर संबंधित व्यापारी फर्म के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई है। शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। जांच अवधि तक फर्म का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल अब सभी की नजरें मंडी समिति की जांच पर टिकी हैं। जांच में 50 रुपये प्रति क्विंटल की कथित कटौती के आरोप प्रमाणित होते हैं या नहीं, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। वहीं किसानों को उम्मीद है कि मंडी प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा।

जारी आदेश में संबंधित व्यापारी फर्म को मंडी अधिनियम 1972 एवं प्रभावशील उपविधि वर्ष 2000 के प्रावधानों का हवाला देते हुए शिकायत की जांच पूरी होने तक कृषि उपज का क्रय-विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के अनुसार 30 अक्टूबर 2026 से जांच अवधि तक सिंघई ट्रेडर्स का मंडी में क्रय-विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

व्यापारी संघ की भूमिका के बीच मंडी प्रशासन की कार्रवाई चर्चा में

किसानों की उपज की खरीदी में पारदर्शिता और निर्धारित नीलामी दर के अनुसार भुगतान सुनिश्चित करना मंडी प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे में 50 रुपये प्रति क्विंटल की कथित कटौती का मामला सामने आने के बाद मंडी प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई चर्चा का विषय बन गई है। व्यापारी संघ से जुड़े पदाधिकारियों की भूमिका और इस मामले में सामने आए घटनाक्रम को लेकर भी मंडी परिसर में चर्चाएं हैं।

छह वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का प्रयासः आरोपी गिरफ्तार; जेल भेजा

घर के पास खेल रही बच्ची को पड़ोसी बहाने से अपने घर ले गया, बच्ची के भागकर परिजनों को बताने पर सामने आया मामला



सिवनी यशभारत।

जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। बच्ची की सतर्कता और हिम्मत के चलते वह आरोपी के चंगुल से बचकर अपने घर पहुंच गई और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार दोपहर की है। छह वर्षीय बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति उसे अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। हालांकि, बच्ची किसी तरह आरोपी के चंगुल से निकलकर वहां से भागने में सफल रही। घर पहुंचकर उसने परिजनों को पूरी बात बताई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन बच्ची को लेकर कान्हीवाड़ा थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी शिवशंकर रामटेकर ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की तलाश की और उसे गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

वहीं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी अन्य अपराधों के मामले दर्ज रहे हैं और वह पहले भी जेल जा चुका है।

बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता जरूरी

इस घटना ने एक बार फिर बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवार और समाज की जिम्मेदारी को रेखांकित किया है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को अनजान व्यक्तियों के साथ कहीं नहीं जाने, किसी के बहकावे में नहीं आने और किसी भी असहज परिस्थिति में तत्काल परिजनों को जानकारी देने के प्रति जागरूक करें। ऐसे मामलों में पीड़ित बच्ची की पहचान और उससे जुड़ी निजी जानकारी गोपनीय रखना भी बेहद जरूरी है। पुलिस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग आपसी समन्वय से करें कार्य –कलेक्टर

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

सिवनी यशभारत।

कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की खंडवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमले को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए पात्र हितग्राहियों तक स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एएनसी पंजीयन की समीक्षा करते हुए बरघाट, लखनादौन एवं गोपालगंज विकासखंड में कम प्रगति पर संबंधित बीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी गर्भवती महिला एएनसी पंजीयन से वंचित न रहे तथा निर्धारित अंतराल पर उनकी नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण कराने तथा डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। हाई रिस्क श्रेणी की गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन एवं उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए दोनों विभागों के बीच बेहतर समन्वय के निर्देश दिए। बैठक में एनीमिक गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन एवं उपचार की बीएमओवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने चिन्हांकित महिलाओं को समय पर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने तथा उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सभी पात्र बच्चों एवं महिलाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग का मैदानी अमला आपसी समन्वय से कार्य करते हुए छूटे हुए पात्र बच्चों एवं महिलाओं का चिन्हांकन कर उनका टीकाकरण सुनिश्चित करे। पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एनआरसी में जरूरतमंद कुपोषित बच्चों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सभी सीडीपीओ गंभीर कुपोषित एवं उपचार की आवश्यकता वाले बच्चों को चिन्हांकित कर एनआरसी में भर्ती कराएं। उन्होंने उपचार के बाद भी बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अमले के बीच सतत समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। एसएनसीयू एवं एनआईसीयू में भर्ती बच्चों की संख्या एवं उपचार की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यकतानुसार ही रेफरल करने तथा अनावश्यक रेफरल से बचने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में 175 आवेदकों की कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

सिवनी। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के क्रम में जिले के सभी विकासखंडों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई आयोजित की गई। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई संपन्न हुई। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 175 आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार सहित उपस्थित अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने और प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय जनसुनवाई में तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम पाथरफोड़ी निवासी दुर्गेश्वरी पारधी ने संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि दिलाए जाने, बरघाट नाका सिवनी निवासी रेखा यादव ने स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टा दिलाए जाने तथा टैगोर वार्ड सिवनी निवासी सरोज तिलंके ने भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका दिलाए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार भगतसिंह वार्ड सिवनी निवासी आयुष रजक ने किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाए जाने, धनौरा निवासी अमृतलाल धुर्वे ने सेवानिवृत्ति उपरांत पेंशन दिलाए जाने, लखनादौन तहसील के ग्राम आदेगांव निवासी तारा बी ने उपचार के लिए मुख्यमंत्री सहायता राशि दिलाए जाने, कुरई तहसील के ग्राम मोहगांव निवासी मुन्नी कोरचे ने एनपीएस की पेंशन राशि दिलाए जाने का आवेदन दिया।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते 4 नवंबर को सिवनी प्रवास पर

सिवनी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण संबंधी समिति, लोकसभा के सभापति एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते 4 नवंबर 2026 को सिवनी जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री कुलस्ते दोपहर 12 बजे सिवनी पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे सिवनी में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे वे सिवनी से पेंच टाइगर रिजर्व, ग्राम टुरिया के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री कुलस्ते शाम 4 बजे पेंच टाइगर रिजर्व, ग्राम टुरिया पहुंचेंगे। यहां वे शाम 5 बजे आयोजित मोगली उत्सव के समापन समारोह में शामिल होंगे। समापन समारोह के पश्चात श्री कुलस्ते शाम 8 बजे टुरिया, सिवनी से गोटेगांव, नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।–

भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेश शिवहरे एवं महामंत्री अंकित ठाकुर का होगा भव्य स्वागत

धूमा से सिवनी तक स्वागत यात्रा, दोपहर 2 बजे जिला भाजपा कार्यालय में मुख्य समारोह



सिवनी यशभारत। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष योगेश शिवहरे एवं जिला महामंत्री अंकित सिंह ठाकुर का 4 नवंबर, बुधवार को भव्य स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। स्वागत यात्रा सुबह 10 बजे धूमा से प्रारंभ होकर लखनादौन, बंजारी, छपारा, बंडोल एवं राहीवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से गुजरेगी। सिवनी नगर में भी विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन किया जाएगा।

मुख्य स्वागत एवं सम्मान समारोह दोपहर 2 बजे जिला भाजपा कार्यालय सिवनी में आयोजित होगा। इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल होंगे। आयोजकों ने भाजपा एवं भाजयुमो के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

महामहिम डॉ. ढालसिंह बिसेन का 7 नवंबर को प्रथम नगर आगमन



सिवनी यशभारत। जिले की माटी से निकलकर देवभूमि उत्तराखंड के महामहिम राज्यपाल के संवैधानिक दायित्व तक पहुंचने वाले डॉ. ढालसिंह बिसेन का आगामी 7 नवंबर दिन शनिवार को प्रथम नगर आगमन संभावित है। उनके इस ऐतिहासिक आगमन को यादगार बनाने के लिए सिवनी नगर में भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित करने की तैयारियां की जा रही हैं। नगर के बाहुबली लॉन में प्रस्तावित इस गरिमामय आयोजन में सामाजिक, साहित्यिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में जिलेवासी शामिल होकर महामहिम राज्यपाल का आत्मीय अभिनंदन करेंगे।

छपारा पुलिस ने 5 दुर्गा उत्सव समितियों को किया सम्मानित



छपारा यशभारत। जिले के छपारा नगर में नवरात्रि पर्व के दौरान बेहतर व्यवस्था, अनुशासन और समय पर प्रतिमा विसर्जन करने वाली पांच दुर्गा उत्सव समितियों को छपारा पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया।

मंगलवार को थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी खेमेन्द्र जैतवार ने चयनित समितियों के सदस्यों को स्मृति चिन्ह और पुरस्कार राशि प्रदान की।

सम्मानित समितियों में प्रथम स्थान पर श्री सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति शंकर मढ़िया को 3 हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति शिव मंदिर तकिया वार्ड को 2500 रुपये तथा तृतीय स्थान पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति झंडा चौक को 2 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई।

वहीं, चौथे स्थान पर नवचेतना दुर्गा उत्सव समिति महिला मंडल, महाराणा प्रताप वार्ड और पांचवें स्थान पर नवोदित मंडल सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति का चयन किया गया। पांचवें स्थान की समिति को 1 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई।

इस पहल का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों के दौरान बेहतर व्यवस्थाओं, सुरक्षा, अनुशासन और आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

भावा एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल घंसौर में 5 नवंबर को होगा 17वाँ वार्षिक खेल महोत्सव



सेना के वरिष्ठ अधिकारी होंगे मुख्य अतिथि

सिवनी यशभारत। भावा एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल घंसौर में गुरुवार 5 नवंबर को 17वाँ वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन आयोजित किया जा रहा है। इस खेल महोत्सव में विद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं एथलेटिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर विक्रम सांघी (सेवानिवृत्त), सेना के अनुभवी अधिकारी एवं कॉर्पोरेट लीडर उपस्थित रहेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के स्तंभ एवं मार्गदर्शक ठाकुर महेंद्र सिंह (ठाकुर साहब पहाड़ी) की उपस्थिति रहेगी। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों के माध्यम से विद्यार्थी न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनते हैं, बल्कि जीवन में धैर्य, समर्पण, सहयोग और संघर्ष करने की प्रेरणा भी प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक भावा प्रांगण राम छाया बड़ी बखरी घंसौर में किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रबंध संचालक सुश्री राजनंदिनी सिंह, प्राचार्य मोहित ठाकुर एवं विद्यालय की छात्रा कप्तान सुश्री वंशिका बृजेंद्र लखेरा सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय परिवार आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों, गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



ग्राम पंचायत रामगढ़ की शासकीय भूमि पर फिर अतिक्रमण, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

छपारा यशभारत। जनपद पंचायत छपारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला फिर से सामने आया है। ग्रामवासियों ने कलेक्टर सिवनी को आवेदन देकर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत रामगढ़ की शासकीय भूमि खसरा नं. 285/1, रकबा 12.41 हेक्टेयर पर पूर्व में तहसीलदार महोदय द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। साथ ही अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध वारंट जारी कर जेल भेजने की प्रक्रिया भी की गई थी। इसके बावजूद कुछ अतिक्रमणकर्ताओं ने आज दिनांक तक अपना कब्जा नहीं छोड़ा है। जिसमें प्रमुख रूप से जमाल पिता मदुआ निवासी बखारी का नाम चिन्हित किया गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इनके विरुद्ध पुनः अतिक्रमण हटाने की उचित कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में फिर से अतिक्रमण न हो। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कुछ बाहरी व्यक्तियों द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर मकान निर्माण एवं व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। जबकि यह भूमि पहले से ही ग्राम पंचायत रामगढ़ एवं ग्राम पंच एवं ग्राम सभा की सर्वसम्मति से आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. रामगढ़ को वेयर हाउस निर्माण के लिए प्रस्तावित की जा चुकी है। समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत रामगढ़ ने कलेक्टर महोदय से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर कार्यवाही की जाए।

वृद्धाश्रमों में जागरूकता कार्यक्रम

सिवनी। वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार की अटल वयो अभ्युदय योजना एवं राज्य कार्ययोजना के अंतर्गत जिले के वृद्धाश्रमों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

ग्राम बंजारी से भाजयुमो जिलाध्यक्ष तक का सफर

योगेश शिवहरे को संगठन ने सौंपी जिले के युवाओं की कमान

संघ के संस्कार, विद्यार्थी जीवन से संगठनात्मक सक्रियता और वर्षों की मेहनत से तय किया राजनीतिक सफर; युवाओं को संगठित कर राष्ट्र निर्माण से जोड़ना प्राथमिकता

सिवनी यशभारत।

जिले के सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र ग्राम बंजारी से निकलकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व तक पहुंचने वाले योगेश शिवहरे का संगठनात्मक सफर युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े योगेश शिवहरे ने विद्यार्थी जीवन से ही सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रवादी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी प्रारंभ कर दी थी। निरंतर परिश्रम, संगठन के प्रति निष्ठा और कार्यकर्ताओं के बीच सक्रियता के बल पर उन्होंने संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए जिला नेतृत्व तक का सफर तय किया।

योगेश शिवहरे ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से प्राप्त की तथा साइंस कॉलेज, जबलपुर से महाविद्यालयीन शिक्षा पूर्ण की। विद्यार्थी जीवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आने के बाद उन्होंने संघ का प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग प्राप्त किया। महाविद्यालय में विद्यार्थी प्रमुख का दायित्व निभाते हुए उन्होंने युवाओं को अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का कार्य किया।

विद्यार्थी जीवन से शुरू हुआ संगठनात्मक सफर

योगेश शिवहरे का संगठनात्मक सफर वर्ष 2013 से 2015 के दौरान साइंस कॉलेज जबलपुर में विद्यार्थी प्रमुख के रूप में प्रारंभ हुआ। इसके बाद वर्ष 2015 से 2017 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा धूमा मंडल में मंत्री का दायित्व संभाला। उनकी संगठनात्मक सक्रियता और कार्यक्षमता को देखते हुए वर्ष 2017 से 2022 तक भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बाद वर्ष 2022 से 2026 तक भी उन्होंने जिला उपाध्यक्ष के रूप में संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाया।

वर्ष 2026 में उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश में फिट इंडिया का प्रदेश प्रभारी बनाया गया। इस दायित्व के माध्यम से युवाओं को योग, खेल, शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने की दिशा में प्रदेश स्तर पर कार्य करने का अवसर मिला। इसी वर्ष संगठन ने उन पर विश्वास जताते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सिवनी के जिलाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा।

युवाओं को संगठन और समाजसेवा से जोड़ने का संकल्प

योगेश शिवहरे की सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में युवा नेतृत्व विकास, सामाजिक समरसता, विद्यार्थी हित, ग्रामीण विकास, खेल एवं स्वास्थ्य जागरूकता प्रमुख रहे हैं। राष्ट्रीय पर्वों, तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा अभियान, योग दिवस तथा विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता रही है। उनका प्रयास युवाओं को केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों और रचनात्मक कार्यों से जोड़ने का रहा है।

जिलाध्यक्ष के रूप में उनकी प्राथमिकता जिले के प्रत्येक मंडल, गांव और क्षेत्र के युवाओं तक संगठन की पहुंच मजबूत करना तथा नए कार्यकर्ताओं को अवसर देकर नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार करना है। वे युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देते हुए उन्हें समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सहभागी बनाने की सोच रखते हैं।

पद से अधिक दायित्व को महत्व

योगेश शिवहरे का मानना है कि राजनीति केवल पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सहयोग पहुंचाने का माध्यम है। ग्राम बंजारी जैसे ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर जिले के युवा संगठन का नेतृत्व करने तक का उनका सफर संगठनात्मक परिश्रम और निरंतर सक्रियता की मिसाल है।

उनका ध्येय है कि सिवनी जिले में भारतीय जनता युवा मोर्चा को अधिक सक्रिय, मजबूत और व्यापक बनाते हुए युवाओं को संगठन, संस्कार, सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ा जाए। उनका मानना है कि युवाओं को सही दिशा, अवसर और नेतृत्व मिले तो वे समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

किसानों को ऋण एवं आधुनिक कृषि सुविधाओं का लाभ, धर्मकांटा, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र एवं कॉमन सर्विस सेंटर का भी हो रहा संचालन

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की समीक्षा : प्रशासक यादव ने दिए आवश्यक निर्देश

सिवनी यशभारत। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में 02 नवंबर को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, सिवनी के मुख्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक की कार्यप्रणाली, वित्तीय स्थिति, सहकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक टेकाम, पूर्व संचालक मंडल सदस्य रमेश तिवारी, बैंक अंशधारी सदस्य सुभाष यादव, प्रफुल्ल लवाहे, सहायक आयुक्त सहकारी संस्थाएँ सिवनी के.के. सोनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जिले के सभी शाखा प्रबंधक एवं प्रधान कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि



किसानों को कृषि यंत्रों की खरीद, पशुपालन के लिए पशुओं की खरीद, शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर फसल ऋण, मत्स्य पालन केसीसी तथा पशुपालन केसीसी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त समितियों के माध्यम से धर्मकांटा, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र एवं कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन भी किया जा रहा है। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिले की दो बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को एनसीडीसी (राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम) द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

ऑनलाइन केसीसी, बचत खाते एवं व्यवसाय विविधीकरण पर जोर

समीक्षा बैठक में प्रशासक श्री यादव ने अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण, अमानत वृद्धि एवं लक्ष्य पूर्ति, कृषि ऋणों की मांग एवं वसूली, एनपीए एवं ओवरड्यूज, सदस्यता वृद्धि, ऑनलाइन केसीसी, नवीन बचत खाते खोलने, खाद भंडारण एवं वितरण तथा उपार्जन पोर्टल में ऋण प्रविष्टि की प्रगति की समीक्षा की। समितियों में व्यवसाय विविधीकरण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

किसानों से सीधा संवाद स्थापित करने के निर्देश

बैठक के दौरान श्री यादव ने समस्त शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र की ऋण वितरण समितियों एवं नवगठित समितियों की प्रगति पर विशेष ध्यान दें। शाखा प्रबंधक नियमित रूप से समितियों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों का भ्रमण करें तथा समिति सदस्य किसानों को केसीसी ऋण व्यवस्था, खाद-बीज वितरण एवं अन्य सहकारी सुविधाओं की जानकारी दें।

उन्होंने किसानों से सीधे मिलकर उनकी समस्याओं को समझने तथा उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बैंक की वित्तीय सुदृढ़ता, किसानों को सहज ऋण सुविधा उपलब्ध कराने, सहकारी समितियों को आत्मनिर्भर बनाने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के किसान तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैंक की वित्तीय स्थिति में उल्लेखनीय सुधार

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के. सोनी द्वारा बैंक की वित्तीय उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। बताया गया कि वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक की अंशपूंजी में 2.18 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। अल्पकालीन ऋण वितरण एवं नवीन केसीसी वितरण में शत-प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति की गई है। बैंक द्वारा 4.37 करोड़ रुपये का वार्षिक लाभ अर्जित किया गया है। दिनांक 30 सितंबर 2026 की स्थिति में बैंक के एनपीए में 2.96 प्रतिशत की कमी आई है। जिले की 57 बी-पैक्स समितियां कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में कार्य कर रही हैं। बैंक विगत पांच वर्षों से लाभ की स्थिति में है तथा बैंक की संचित लाभ राशि 7.81 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।



संपादकीय

आरोपों की राजनीति बनाम जमीनी हकीकत

वोट चोरी के आरोपों से कितना बदल पाएगा देश का सियासी मिजाज?

भारतीय राजनीति इन दिनों आरोप-प्रत्यारोप के एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां लोकतंत्र, चुनावी पारदर्शिता और संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता राजनीतिक संघर्ष के केंद्र में आ गई है। दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष के 21 राजनीतिक दलों की भागीदारी वाली वोट चोरी रैली के बाद सियासी माहौल और गरमा गया है। विपक्ष इसे लोकतंत्र बचाने की लड़ाई बता रहा है, तो सत्तापक्ष इन आरोपों को राजनीतिक हताशा और जनता के जनादेश को नकारने की कोशिश के रूप में देख रहा है। रैली की सफलता और उसमें जुटी भीड़ को लेकर भले ही दोनों पक्ष अपने-अपने दावे कर रहे हों, लेकिन इस पूरे घटना म ने एक बड़ा सवाल जरूर खड़ा किया है कि क्या चुनावी प्र िया वास्तव में संदेह के घेरे में है या फिर लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक लड़ाई का हथियार बनाया जा रहा है?कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के नेता, विशेषकर राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे, मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर चुनाव आयोग पर लगातार सवाल उठा रहे हैं। विपक्ष का दावा है कि मतदाता सूचियों से करोड़ों नाम हटाए गए और इसका चुनावी परिणामों पर असर पड़ा। उसका तर्क है कि जब जीत और हार का अंतर कई सीटों पर बेहद कम था, तब मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हुई कथित कटौती को सामान्य प्रशासनिक प्र िया मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन इस पूरे आरोप की पड़ताल करते समय कुछ बुनियादी सवालों का जवाब भी जरूरी है। यदि विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव को व्यापक स्तर पर अवैध और धांधलीपूर्ण मानता है, तो क्या उस चुनाव से निर्वाचित केवल भाजपा के सांसदों का जनादेश ही संदिग्ध होगा? क्या विपक्ष के 99 सांसदों और स्वयं नेता प्रतिपक्ष का निर्वाचन भी उसी कसौटी पर नहीं आएगा? आखिर जिस चुनावी प्र िया पर सवाल उठाए जा रहे हैं, उसी प्र िया से विपक्ष को भी संसद में प्रतिनिधित्व मिला है। ऐसे में आरोपों की गंभीरता के साथ उनके तार्किक आधार को भी स्पष्ट करना आवश्यक है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि चुनाव में भाजपा को लगभग 38 प्रतिशत मत मिले, जबकि कांग्रेस का मत प्रतिशत करीब 21 प्रतिशत रहा। हालांकि, मत प्रतिशत अपने आप में चुनावी प्र िया की निष्पक्षता का प्रमाण नहीं हो सकता, लेकिन जनादेश का आकलन करते समय इसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चुनावी अनियमितताओं के आरोपों की जांच तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर होनी चाहिए, न कि केवल राजनीतिक दावों के आधार पर। दूसरी ओर, मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने के लिए चल रही एसआईआर जैसी प्र िया को भी केवल राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं होगा। मतदाता सूची में मृत व्यक्ति यों के नाम, दोहरे पंजीकरण और स्थान परिवर्तन के कारण मौजूद त्रुटियों को दूर करना किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी है। लेकिन इसके साथ यह सुनिश्चित करना भी चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम बिना उचित प्र िया और सूचना के सूची से बाहर न हो। सुधार की प्र िया और मताधिकार की सुरक्षा, दोनों एक-दूसरे के पूरक होने चाहिए। यहां चुनाव आयोग की जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसकी निष्पक्षता पर जनता का भरोसा लोकतंत्र की बुनियादी शर्त है। इसलिए विपक्ष के सवालों को केवल राजनीतिक बयानबाजी कहकर खारिज करना भी उचित नहीं होगा। यदि किसी स्तर पर गड़बड़ी हुई है तो उसका पारदर्शी तरीके से जवाब सामने आना चाहिए। लोकतंत्र में सवाल पूछने का अधिकार विपक्ष को है और उन सवालों का तथ्यात्मक जवाब देना संस्थाओं की जिम्मेदारी है। हालांकि, इस पूरे विवाद का एक दूसरा पहलू भी है। क्या वोट चोरी का मुद्दा आम नागरिक की रोजमर्रा की चिंता बन पाया है? महंगाई, बेरोजगारी, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और स्थानीय अव्यवस्थाओं से जूझ रहे आम आदमी के लिए चुनावी प्र िया का सवाल निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन क्या यह उसकी प्राथमिक चिंताओं में शामिल हो पाया है? विपक्ष की लगातार कोशिशों के बावजूद इस मुद्दे को लेकर देशव्यापी जनभावना कितनी मजबूत हुई है, इसका आकलन केवल रैलियों और राजनीतिक भाषणों से नहीं किया जा सकता। दरअसल, भारतीय राजनीति में अब आरोपों की विश्वसनीयता का फैसला केवल मंचों से नहीं, बल्कि जनता के बीच उनके प्रभाव से भी होगा। विपक्ष को अपने आरोपों के समर्थन में ठोस प्रमाण और तथ्य प्रस्तुत करने होंगे, वहीं सत्तापक्ष और चुनाव आयोग को भी पारदर्शिता के साथ संदेह दूर करने होंगे। लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने या हारने का नाम नहीं है। उसकी असली ताकत निष्पक्ष चुनाव, मजबूत संस्थाओं और जनता के अटूट विश्वास में निहित है। इसलिए सवाल यह नहीं कि वोट चोरी का आरोप कौन लगा रहा है और उसका राजनीतिक लाभ किसे मिलेगा, बल्कि असली सवाल यह है कि क्या देश की चुनावी व्यवस्था पर उठ रहे सवालों का विश्वसनीय समाधान सामने आ रहा है? आखिर लोकतंत्र में आरोपों से राजनीति तो गर्म हो सकती है, लेकिन जनता का भरोसा केवल तथ्यों, पारदर्शिता और जवाबदेही से ही कायम रह सकता है।

कड़वे वचन



जीवन का यहनियम याद रखो। जो आप देने वाले हैं वह आपके पास लौटके आने वाला है। कई गुना बढ़कर आने वाला है। हर किसान यह नियम जानता है, मानता है और इस पर काम करता है। वह खेत में अच्छे व बेहतरीन बीज डालता है और फसल आने का इंतजार करता है। किसान यह जानता है मगर अफसोस है कि इंसान यह नहीं जानता। दिया कभी बेकार नहीं जाता । याद रखो दे जाना ही ल जाने का मार्ग है।

आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

पंचांगः-5 नवम्बर, 2026
दिन-गुरुवार, अश्विन शुक्ल 10
विक्रम संवत 2083

मेष चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, ली, आ
दिन सामान्य रहने वाला है किसी की मदद करने से खुशी मिलेगी

वृष इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो
किसी विशेष कार्य को करने में दिन व्यतीत होगा लोगों की प्रशंसा मिल सकती है

मिथुन का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह
आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी दिन खुशनुमा रहने वाला है

कर्क ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो
मानसिक उलझनें कम हो सकती हैं खर्चों की अधिकता बनी रहेगी

सिंह मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे
दिन अनुकूल रहने वाला है माता-पिता का आशीर्वाद लेकर कार्य करें

कन्या टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो
धन लाभ होने के संकेत मिल रहे हैं परिवार के साथ समय व्यतीत कर सकते हैं

तुला रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते
दिन उत्तम रहने वाला है सामाजिक कार्यों में गतिविधियां बढ़ेगी

वृश्चिक यो, वो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे
स्वास्थ्य में पहले से अब सुधार होगा योग प्राणायाम अवश्य करें

धनु ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे
घर में शुभ मांगलिक कार्य हो सकते हैं मन प्रफुल्लित रहेगा


मकर भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी
साझेदारी के काम को सोच समझ कर आगे बढ़ाएं क्रोध में नियंत्रण रखें

कुंभ गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा
खर्चों की अधिकता की वजह से आर्थिक स्थिति प्रभावित रहेगी

मीन दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची
वाणी में नियंत्रण रखकर कार्य करें दिन सामान्य रहने वाला है

एक्सपायरी सूजी और खराब सब्जियों से बन रहा था मध्यान्ह भोजन

माध्यमिक विद्यालय गढपुरी में लापरवाही उजागर, बीआरसी ने मौके पर पहुंचकर रुकवाया भोजन



उमरिया, यश भारत। जिले के जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत गढ़पुरी में स्कूली बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। माध्यमिक विद्यालय गढपुरी में बच्चों के लिए एक्सपायरी और कीड़े लगी सूजी के साथ खराब सब्जियों का इस्तेमाल कर भोजन तैयार करने की तैयारी की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलने पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ने मौके पर पहुंचकर भोजन बनवाने का काम रुकवा दिया। वहीं, एसडीएम ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार को माध्यमिक विद्यालय गढपुरी में बच्चों के लिए सूजी का हलवा तैयार किया जा रहा था। इसी दौरान विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मानपुर को सूचना मिली कि रसोई में रखी सूजी एक्सपायरी होने के साथ कीड़ों से भरी हुई है। शिकायत मिलते ही वे तत्काल विद्यालय पहुंचे और मध्यान्ह भोजन तैयार करने की प्रक्रिया रुकवा दी। मौके पर जांच के दौरान सूजी की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई। इसके अलावा भोजन में उपयोग के लिए रखी गई सब्जियां भी खराब हालत में मिलीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। बुधवार को एसडीएम मानपुर हरनीत कौर ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। बुधवार को ही जांच कराई जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े मध्यान्ह भोजन में इस तरह की लापरवाही ने पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह भी है कि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की निगरानी करने वाले जिम्मेदारों ने समय रहते

और कितने साल लगेगें पुलिस की FIR होने में..?

8 करोड़ के धान घोटालेबाजों को संरक्षण



उमरिया, यश भारत। जिले के नागरिक आपूर्ति निगम में करीब 8 करोड़ रुपए के धान घोटाले का मामला अब भी डंडे बस्ते में पड़ा हुआ है, पहले विभाग ने लेटलीफी की और अब पुलिस बीते तीन माह से जांच कर रही है, जबकि कलेक्टर के आदेश के बाद तहसीलदार स्तर के अधिकारी ने जांच पड़ताल करते हुए यह चोरी पकड़ी थी, बाबजूद इसके खरीब फसल का यह दूसरा वर्ष आ गया मगर न 8 करोड़ का पता है और न ही किसी पर कार्यवाही हुई। डीके राइस मिल सहित 8 वेयर हाउस संचालक इस घपले में शामिल हैं। यह धान नागरिक आपूर्ति निगम का शासकीय स्टॉक था, जिसका हिसाब-किताब गायब है, जांच में लगभग 8 करोड़ रुपए की अनियमितता उजागर हुई थी। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने संबंधित डी के राइस मिल के संचालक के साथ साथ अन्य मिलर पर एफआईआर दर्ज करने और पूरी राशि की वसूली के निर्देश दिए थे। लेकिन आदेश के 4 महीने बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। न तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और न ही 8 करोड़ की वसूली की प्रक्रिया शुरू हुई है। वहीं अब तो यह भी कहा जाने लगा है कि बीते दिन नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष जिले के प्रवास में आये थे, जहां साथ सुधरे मिलर और संचालकों के साथ आरोपित संचालक और मिलर भी फूल लिए उनसे मिलने गये थे, कार्यवाही का लेट होना कहीं कहीं उपाध्यक्ष जी से भी जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि इसमें कितनी सच्चाई है यह तो भगवान ही जाने मगर 8 करोड़ सरकार के डूबते दिखाई

सरकारी परिसरों पर अवैध कब्जा





पशु चिकित्सालय की जमीन पर सज रही महफिल

गहरी नींद में राजस्व एवं नगर परिषद प्रशासन

उमरिया, यश भारत। जिले के जनपद पंचायत मानपुर में सरकारी महकमे की लाचारी और सुस्त कार्यशैली की पराकाष्ठा देखने को मिल रही है। यहां पशुपालन एवं डेयरी विभाग की मुख्य ग्राम खंड इकाई की शासकीय भूमि (खसरा नंबर 129/1) पर बेखौफ अतिक्रमण का जाल फैलता जा रहा है। ब्लॉक कॉलोनी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 5 निवासी महेश्वर सिंह पिता रामबदन सिंह द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके चाय की दुकान का संचालन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह अवैध कब्जा सिर्फ एक चाय की टपरी तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशासनिक संरक्षण के अभाव में यहाँ कानून और व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

शाम ढलते ही जुआ-शराब का बन जाता है अड्डा

दिए गए शासकीय पत्रों के अनुसार, इस अवैध अतिक्रमण स्थल पर रात के समय असामाजिक तत्वों का तांता लगा रहता है। शासकीय परिसर की पवित्रता को ताक पर रखकर यहां धड़ल्ले से मदिरापान और अन्य मादक पदार्थों का सेवन किया जाता है। दिन में चाय की दुकान की आड़ में पनपने वाला यह अतिक्रमण रात होते ही जुआरियों और शराबियों का सुरक्षित अड्डा बन जाता है। शासकीय भूमि पर इस तरह के अवैध और असामाजिक कृत्य खुलेआम चल रहे हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन और जिम्मेदार नुमाइंदे आँखें मूंदकर बैठे हुए हैं।

पटवारी और सीएमओ की खामोशी पर सवाल

इस अवैध कब्जे को लेकर विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा गहरी नाराजगी जताई गई है और लगातार पत्राचार किया जा रहा है। पूर्व में हल्का पटवारी द्वारा सिर्फ मौखिक या कागजी खानापूर्ति करते हुए नोटिस थमाया गया था, लेकिन अतिक्रमणकारी के हौसले इतने बुलंद हैं कि उसने पटवारी की चेतावनी को ठेंगा दिखाते हुए रात के अंधेरे में अवैध निर्माण कार्य और पक्का दायरा बढ़ा लिया। स्थिति यह है कि पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार और नगर पालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को बार-बार लिखित शिकायतें और पत्र भेजे जा चुके हैं, बावजूद इसके जमीन पर धेलाभर कार्रवाई नहीं हुई।

बालाघाट प्रेम प्रकाश आश्रम में संत श्री लोकेश सांई जी का हुआ भव्य आगमन, गूंजे भजन और सत्संग

बालाघाट, यश भारत। छत्तीसगढ़ के धमतरी से पधारे श्रद्धेय संत श्री लोकेश सांई जी का बालाघाट नगर में मंगल प्रवेश हुआ। संत श्री के नगर आगमन पर रेलवे स्टेशन से लेकर प्रेम प्रकाश आश्रम तक श्रद्धालुओं में अभूतपूर्व उत्साह और उल्लास देखने को मिला। बालाघाट पहुंचने पर स्टेशन परिसर में संतश्री का पारंपरिक और भव्य स्वागत किया गया, जहां बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने फूल-मालाओं और जयकारों के साथ उनका अभिनंदन किया।

प्रेम प्रकाश महिला मंडल द्वारा हुआ अभिनंदन

रेलवे स्टेशन पर स्वागत के पश्चात संत श्री लोकेश सांई जी जब स्थानीय प्रेम प्रकाश आश्रम पहुंचे, तो वहां का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। आश्रम पहुंचने पर प्रेम प्रकाश महिला मंडल द्वारा संत श्री का विशेष रूप से स्वागत किया गया। महिलाओं ने तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर संतश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान आश्रम परिसर में भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही।



अलौकिक सत्संग और भजन-कीर्तन का आयोजन

संत श्री लोकेश सांई जी के नगर आगमन के इस पावन उपलक्ष्य में मंगलवार को प्रेम प्रकाश आश्रम में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। प्रातःकालीन सत्रः सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक संतों के सान्निध्य में सत्संग का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें संतश्री ने अपने ओजस्वी वचनों से श्रद्धालुओं को जीवन के सच्चे मार्ग और आध्यात्मिकता का पाठ पढ़ाया। संध्याकालीन सत्रः शाम 6:00 बजे से 7:30 बजे तक भजन, आरती और ज्ञानवर्धक सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। संतश्री के मुख से निकले प्रवचनों और मधुर भजनों ने उपस्थित सभी भक्तों के मन को मोह लिया।

भजनों की धुनों पर झूमे श्रद्धालु

संध्या बेला में जैसे ही भजन-कीर्तन का दौर शुरू हुआ, पूरा आश्रम परिसर भक्ति के रंगों में सराबोर हो गया। सुमधुर भजनों की स्वरलहरियों और संगीत की धुनों पर श्रद्धालु जन भावविभोर होकर नाचने और झूमने लगे। वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया था। हर कोई संतश्री के चरणों में अपनी हाजिरी लगाकर धन्य महसूस कर रहा था।

बालाघाट

ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सिंगरौली में ऐतिहासिक स्वागत, हजारों वाहनों के काफिले के साथ निकली भव्य रैली

परसौना से नवजीवन विहार तक उमड़ा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जनसैलाब, जेसीबी से पुष्पवर्षा कर किया गया जोरदार अभिनंदन; 19 लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता



सिंगरौली, यश भारत। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के फुटकर एवं लघु व्यावसायिक समाज प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू के सिंगरौली आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने ऐतिहासिक स्वागत किया। उनके सम्मान में परसौना से हजारों बाइक और चार पहिया वाहनों के विशाल काफिले के साथ भव्य स्वागत रैली निकाली गई। रैली में उमड़े जनसैलाब और जगह-जगह हुए स्वागत ने पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना दिया। इस दौरान 19 लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन से जुड़ने का संकल्प लिया। स्वागत रैली को वरिष्ठ कांग्रेस नेता अंजनी प्रसाद दुबे एवं राम अशोक शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व सरपंच खुटार एवं कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण के कोषाध्यक्ष बालमुकुंद सिंह परिहार तथा डॉक्टर एवं किसान प्रकोष्ठ सिंगरौली जिला अध्यक्ष मनोज दुबे एवं यूथ कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिसोदिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, व्यापारी एवं समर्थक शामिल हुए।

जगह-जगह हुआ स्वागत, पुष्पवर्षा से किया अभिनंदन- परसौना से शुरू हुई स्वागत रैली कचनी, माजन मोड़, पुराना यातायात चौराहा और अंबेडकर चौक होते हुए नवजीवन विहार चौक पहुंची। रैली के दौरान जगह-जगह समर्थकों ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू का स्वागत किया। बाइक और चार पहिया वाहनों के लंबे काफिले के साथ निकली रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

कोयला मंत्रालय स्टार रेटिंग अवार्ड 2024-25 में एनसीएल ने बिखेरी उत्कृष्टता की चमक

सिंगरौली, यश भारत। कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित स्टार रेटिंग अवार्ड समारोह में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी उपलब्धियों का परचम लहराया है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सोमवार, 2 नवंबर 2026 को आयोजित समारोह में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एनसीएल की चार खदानों - कृष्णशिला, बीना, खड़िया एवं झिंगुरदा को प्रतिष्ठित स्टार रेटिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि को और भी खास बनाते हुए कृष्णशिला परियोजना ने ओपन कास्ट श्रेणी की देशभर की सभी खदानों में प्रथम स्थान हासिल कर एनसीएल का गौरव बढ़ाया है। समारोह के मुख्य अतिथि माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे ने एनसीएल को इन उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। एनसीएल की ओर से सीएमडी श्री एन. फ्रेंकलिन जयकुमार एवं संबंधित क्षेत्रों के महाप्रबंधकों ने पुरस्कार ग्रहण किए। यह उपलब्धि एनसीएल की परिचालन उत्कृष्टता, सतत एवं जिम्मेदार खनन, पर्यावरण संरक्षण तथा सुरक्षा के उच्च मानकों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एनसीएल को मिले पुरस्कारों के लिए सीएमडी श्री एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, समस्त निदेशक मंडल एवं सीवीओ ने कंपनी और कर्मियों को इन उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई दी।

ग्रामीण हुनर को मिला बाजार का मंच दीपांजलि आजीविका संगम मेले का शुभारंभ



6 नवंबर तक मुलना स्टेडियम में सजेगा स्थानीय उत्पादों का बाजार

हाथकरघा की साड़ियों से लेकर मिट्टी के दीये और जैविक उत्पाद बने आकर्षण

बालाघाट, यश भारत। ग्रामीण शिल्पियों, पारंपरिक कारीगरों और स्व-सहायता समूहों के हुनर को बाजार उपलब्ध कराने तथा स्थानीय उत्पादों को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से बुधवार को मुलना स्टेडियम परिसर में तीन दिवसीय 'दीपांजलि आजीविका संगम मेले' का शुभारंभ हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, विधायक अनुभा मुंजारे एवं कलेक्टर आदित्य सिंह ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। मेले में ग्रामीण अंचलों की कला, संस्कृति, पारंपरिक शिल्प और स्थानीय उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है। यह मेला 6 नवंबर तक चलेगा। मेले में जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के स्व-सहायता समूहों, बुनकरों और कारीगरों द्वारा तैयार विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए रखा गया है। मेंहदीवाड़ा के बुनकरों द्वारा हाथकरघा पर तैयार कॉटन एवं सिल्क की साड़ियां, कटंगी तहसील के ग्राम कटेरा के समूहों द्वारा बनाए गए मिट्टी के आकर्षक दीये, बर्तन एवं सजावटी सामग्री लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। इसके अलावा महिला समूहों द्वारा तैयार जैविक हल्दी, मिर्च, धनिया, मसाला पाउडर, मशरूम एवं मशरूम पाउडर, कृषि उत्पाद, एक जिला-एक उत्पाद में शामिल चिन्नौर चावल तथा कच्ची घानी से निकाले गए सरसों, अलसी एवं मूंगफली के तेल की बिक्री की जा रही है। मेले में शहरी आजीविका मिशन से जुड़े समूहों द्वारा तैयार कपड़े के बैग, ब्लाउज एवं अन्य वस्त्र, गोबर से निर्मित दैनिक उपयोग की सामग्री, खादी एवं हस्तशिल्प उत्पाद भी उपलब्ध हैं। आयुष विभाग ने औषधीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है। वहीं आजीविका मिशन की महिलाओं द्वारा तैयार विभिन्न प्रकार के व्यंजन भी मेले में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई आकर्षक कैंडल भी विक्रय के लिए रखी गई हैं। मेले के शुभारंभ के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, विधायक अनुभा मुंजारे, कलेक्टर आदित्य सिंह एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी तनुश्री मीना ने सभी स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने समूहों की महिलाओं एवं कारीगरों से चर्चा कर उनके उत्पादों की जानकारी ली तथा उनके परिश्रम और हुनर की सराहना की। कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि जिले के स्व-सहायता समूहों और पारंपरिक कारीगरों द्वारा उत्कृष्ट एवं आकर्षक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इन उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है। शीघ्र ही इसे तैयार किया जाएगा, जिससे बालाघाट के स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और

बिना वैध मंडी अनुज्ञा पत्र के 293 क्विंटल मक्का का परिवहन करते ट्रक पकड़ा

मंडी समिति और राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई, परिवहनकर्ता से 74,734 रुपये का दांडिक मंडी शुल्क वसूला



बालाघाट, यश भारत। कृषि उपज के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए मंडी समिति और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 293 क्विंटल मक्का का अवैध परिवहन कर रहे एक ट्रक को पकड़ा है। बालाघाट-गोंदिया मार्ग पर मर्री टोल प्लाजा के पास की गई इस कार्रवाई में परिवहनकर्ता फर्म से 74 हजार 734 रुपये का दांडिक मंडी शुल्क वसूल किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसडीएम बालाघाट श्री गोपाल सोनी के निर्देशन में मंडी समिति एवं राजस्व विभाग का संयुक्त दल 3 अक्टूबर 2026 की रात्रि में मंडी क्षेत्र का निरीक्षण कर रहा था। इसी दौरान मर्री टोल प्लाजा पर ट्रक क्रमांक एमएच 40 बीजी 4165 को रोककर जांच की गई। जांच में ट्रक में 293 क्विंटल मक्का लोड पाया गया। यह मक्का सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा से राजनांदगांव ले जाया जा रहा था। परिवहन के दौरान ट्रक चालक के पास वैध मंडी अनुज्ञा पत्र नहीं पाया गया। इस पर मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) के उल्लंघन का प्रकरण तैयार कर परिवहनकर्ता फर्म मेसर्स शंकरलाल साहू, कान्हीवाड़ा से 74,734 रुपये का दांडिक मंडी शुल्क वसूल किया गया। संयुक्त कार्रवाई में मंडी सचिव उत्तम प्रसाद नादोनिया, मंडी निरीक्षक भानेश्वर तुरकर एवं मनोज पटले, राजस्व निरीक्षक हितेंद्र सिंह मर्सकोले तथा उपनिरीक्षक जीवनसिंह कुसरे शामिल रहे। एसडीएम एवं मंडी समिति के भारसाधक अधिकारी श्री गोपाल सोनी ने निर्देश दिए हैं कि मंडी समिति बालाघाट के अंतर्गत बालाघाट, लामता, चांगोटोला, लांजी, किरनापुर एवं रजेगांव मंडी क्षेत्रों में कृषि उपज के अवैध परिवहन और अवैध भंडारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रखी

जब बंद एयरपोर्ट को दोबारा चालू करके प्लेन की हुई लैंडिंग

अहमदाबाद के मरीज़ को नया जीवन देने रातभर ग्राउंड पर रहा जबलपुर एयरपोर्ट स्टाफ

जबलपुर।

मानवता की सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की कोई समय सीमा नहीं होती, इसे जबलपुर एयरपोर्ट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सोमवार की रात सच साबित कर दिखाया। 'यश भारत' में कल चिकित्सा जगत के योगदान पर विस्तृत खबर प्रकाशित होने के बाद, आज का पूरा फोकस जबलपुर एयरपोर्ट की उस जांबाज टीम पर है, जिसने बंद एयरपोर्ट को आधी रात के बाद दोबारा ऑपरेशनल कर तीन गंभीर मरीजों को नया जीवनदान दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

सोमवार की रात शहर में बने ग्रीन कॉरिडोर के जरिए एक मानव अंग को अहमदाबाद पहुँचाया जाना था। नियम और शेड्यूल के मुताबिक, जबलपुर एयरपोर्ट का सामान्य संचालन रात 8:15 बजे इंडिगो की अंतिम फ्लाइट के प्रस्थान के बाद थम जाता है और रात 9:30 बजे तक एयरपोर्ट पूरी



तरह बंद होकर कर्मचारी अपने घर लौट जाते हैं।

लेकिन, जब रात करीब 10:00 बजे घर लौट रहे कर्मचारियों को अहमदाबाद से चार्टर्ड प्लेन आने और आपातकालीन ग्रीन कॉरिडोर की सूचना मिली, तो बिना एक पल गंवाए प्रशासनिक तत्परता दिखाई गई।

रातभर ऐसे चला आपातकालीन तकनीकी टीमों का असाधारण समन्वय

एक विमान को रात के वक्त सुरक्षित उतारने और उड़ाने के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) से लेकर कई तकनीकी और सुरक्षा प्रणालियों की जरूरत होती है। इस आपात स्थिति में विमानपत्तन निदेशक श्री राजेश कुमार मौर्य और एटीसी प्रभारी श्री नीरज गुडवानी के नेतृत्व में एटीसी टीम, फायर फाइटिंग सिस्टम, रनवे लाइटिंग, ग्राउंड सेफ्टी और सुरक्षा अमले के सभी कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से डटे रहे। आधी रात के बाद संसाधनों और कर्मियों को जुटाकर एयरपोर्ट को सुचारू रूप से चलाना और तीन लोगों की जिंदगी बचाने में लॉजिस्टिक सपोर्ट देना जबलपुर एयरपोर्ट की उच्च पेशेवर क्षमता और मानवीय संवेदना का सबसे बड़ा उदाहरण है। जबलपुर के इस गौरवशाली क्षण में एयरपोर्ट परिवार का यह समर्पण हर नागरिक के लिए वंदनीय है।

एयरपोर्ट ऑपरेशन

रात 10:00 बजे: घर जाने की तैयारी कर रहे एयरपोर्ट कर्मियों को आपातकालीन चार्टर और ग्रीन कॉरिडोर की मिली सूचना।

रात 10:30 बजे: विमानपत्तन निदेशक श्री राजेश कुमार मौर्य और एटीसी प्रभारी श्री नीरज गुडवानी के निर्देश पर बंद एयरपोर्ट को दोबारा एक्टिवेट किया गया।

रात 12:30 बजे: अहमदाबाद से विशेष चार्टर्ड प्लेन ने जबलपुर रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग की।

भोर 04:30 बजे: आवश्यक प्रक्रिया के बाद प्लेन ने मानव अंगों को लेकर अहमदाबाद के लिए भरी सफल उड़ान।

सुबह 05:00 बजे: पूरी प्रक्रिया के सुरक्षित संपन्न होने तक एयरपोर्ट पर सेवाएं सक्रिय रहीं।

फायर सेफ्टी को लेकर प्रशासन सख्त

नियमों का उल्लंघन करने पर माढ़ोताल की 6 पटाखा दुकानें सील



जबलपुर, यशभारत। त्योहारी सीजन में सुरक्षा नियमों और शर्तों की सरेआम धज्जियां उड़ाने वाले पटाखा कारोबारियों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। माढ़ौताल के कठौदा स्थित पटाखा बाजार में फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम न मिलने पर प्रशासनिक टीम ने आधी रात को ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 6 दुकानों को मौके पर ही सील कर दिया। प्रशासनिक दल को देखकर दुकानदारों में हड़कंप मच गया और विवाद की स्थिति भी बनी, लेकिन मौके पर मौजूद भारी पुलिस बल ने तुरंत मोर्चा संभालकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। SDM मदन रघुवंशी और तहसीलदार रंजना यादव के नेतृत्व में SDOP अंजुल अयंक मिश्रा, नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर विद्यानंद बाजपेयी सहित पूरा मैदानी अमला रात 1 बजे तक कार्रवाई में डटा रहा। अधिकारियों ने सख्त हिदायत दी है कि दुकानों के बाहर सामान रखने और सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन का यह जांच अभियान अब जिले के अन्य पटाखा बाजारों में भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

मप्र को लारा परियोजना से मिलेगी 800 मेगावाट किफायती बिजली

एनटीपीसी और एमपीपीएमसीएल के बीच हुआ पीपीए



जबलपुर। मध्यप्रदेश में भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और प्रदेशवासियों को सस्ती एवं निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में ऊर्जा विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, प्रमुख सचिव ऊर्जा मनीष सिंह और ऊर्जा सचिव व एमपी पावर मैननजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में स्थित एनटीपीसी की लारा चरण-III (2म800 मेगावाट) परियोजना से विद्युत क्रय के लिए एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एमपीपीएमसीएल) और एनटीपीसी के मध्य विद्युत क्रय अनुबंध निष्पादित किया गया। इस अनुबंध के तहत मध्य प्रदेश को लारा परियोजना से 800 मेगावाट बिजली प्राप्त होगी। वर्ष 2031-32 तक इस संयंत्र से मध्य प्रदेश को उचित दरों पर विश्वसनीय बिजली मिलनी शुरू हो जाएगी। अनुबंध के अनुसार लारा-III परियोजना से मध्य प्रदेश को कुल 4.97 रुपये प्रति यूनिट की अनुमानित दर पर बिजली उपलब्ध होगी।ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस अनुबंध पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। यह अनुबंध भविष्य में राज्य के कृषि, उद्योग और घरेलू क्षेत्रों की बढ़ती मांग को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगा। कैप्टिव खदान से ईंधन सुरक्षा और कम लागत-लारा परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह संयंत्र कोयला खदान के अत्यंत निकट स्थित है और इसमें एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव खदान से कोयला प्राप्त होता है। कोयले की सीधी और सुरक्षित उपलब्धता के कारण ढुलाई खर्च में बचत होगी, जिससे बिजली की आपूर्ति पूरी तरह विश्वसनीय और न्यूनतम लागत पर संभव हो सकेगी। इस अवसर पर एनटीपीसी दिल्ली से मुख्य महाप्रबंधक कॉमर्शियल ए.एस. पांडे, महाप्रबंधक संदेश जायसवाल, रायपुर से अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक कॉमर्शियल भूपेश कुमार और एमपीपीएमसीएल की ओर से मुख्य महाप्रबंधक कॉमर्शियल डॉ. आर.बी. सक्सेना उपस्थित थे।

सिहोरा और पाटन की मिठाई और मावा की दुकानों की जांच.

जबलपुर – त्यौहारों पर उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के कलेक?टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार चलाये जा रहे जाँच अभियान के तहत राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मंगलवार को सिहोरा और पाटन में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सिहोरा स्थित विजय स्वीट्स से मिल्क केक, शिवम स्वीट्स से सलोनी और बर्फी तथा बीकानेर स्वीट्स से मावा के नमूने लिए। इसी प्रकार पाटन स्थित बड़ू खोवा से खोवा के 2, बीकानेर स्वीट्स से मिठाई एवं मावा के 4, नेमा स्वीट्स से मिठाई के 2 तथा कृष्णा स्वीट्स से मिठाई के 2 सैंपल लिए गए। सभी सैंपल जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जा रहे हैं। प्रयोगशाला से परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं, तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा संबंधित नियमों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पार्वती कोल को तत्काल चार लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत

जबलपुर। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जनसुनवाई में पहुंची सिहोरा के वार्ड नंबर 01 निवासी आवेदिका पार्वती कोल को उनके पति स्व. कमलेश कोल की 29 जनवरी 2026 को मुहारी डेम में डूबने से हुई अकाल मृत्यु पर तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम ग्रामीण को निर्देश दिए कि उन्हें नियमानुसार अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की जाए। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीएम ग्रामीण ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के प्रावधानों के तहत मृतक के परिवार को चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत कर दी है, जिससे पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है। कलेक्टर विश्वकर्मा ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि अनुग्रह राशि के स्वीकृति पत्र पीड़ित परिवार के घर जाकर प्रदाय करें।

एक्सीडेंट में घायल युवक का कटंगी बायपास स्थित अस्पताल में दो दिनों से चल रहा था इलाज

हेल्थ सिटी हॉस्पिटल पर आरोप मौत के बाद भी करते रहे इलाज

परिजनों का कहना है मौत के बाद भी अस्पताल ने लगा रखा था वेंटिलेटर

जबलपुर,यशभारत। शहर के निजी अस्पतालों में मरीजों के इलाज और उनकी जिंदगी से जुड़े सवाल एक बार फिर खड़े हो गए हैं। माढोताल थाना क्षेत्र स्थित कटंगी बाईपास के हेल्थ सिटी हॉस्पिटल में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का दावा है कि मरीज की मौत होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने उसे वेंटिलेटर पर रखकर इलाज जारी रखा और मृत्यु की जानकारी नहीं दी। मामले ने निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और मरीजों के परिजनों को दी जाने वाली जानकारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



दूसरे अस्पताल ले जाने पर पता चला कि पहले ही हो गई थी युवक की मौत

जानकारी के मुताबिक, औरिया निवासी भगवत रजक (38) दो नवंबर की शाम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे तत्काल कटंगी बाईपास स्थित हेल्थ सिटी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। परिजनों का आरोप है कि देर रात भगवत की मौत हो गई थी, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल में उसे वेंटिलेटर पर रखकर इलाज जारी रखा गया। परिजनों के अनुसार, तीन नवंबर की दोपहर उन्होंने भगवत को दूसरे अस्पताल ले जाने की बात कहकर हेल्थ सिटी हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कराया और उसे एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद भगवत को मृत घोषित कर दिया। इस घटनाक्रम के बाद परिजनों ने हेल्थ सिटी हॉस्पिटल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि यदि मरीज की मौत पहले ही हो चुकी थी, तो अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें इसकी जानकारी क्यों नहीं दी?

महज दो किलोमीटर की दूरी, फिर भी मौत की जानकारी दूसरे अस्पताल में

इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि हेल्थ सिटी हॉस्पिटल से जिस निजी अस्पताल में भगवत को ले जाया गया, उसकी दूरी महज दो किलोमीटर बताई जा रही है। परिजनों का कहना है कि इतने कम अंतराल में दूसरे अस्पताल पहुंचने पर मरीज को मृत घोषित किया गया, जबकि हेल्थ सिटी हॉस्पिटल में उसे वेंटिलेटर पर रखकर उपचार जारी होने की बात कही जा रही थी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर मरीज की वास्तविक स्थिति क्या थी और परिजनों को उसकी जानकारी कब और किस रूप में दी गई?

अब उठ रहे हैं जवाबदेही के सवाल

भगवत रजक की मौत के बाद सामने आए आरोपों ने अस्पताल प्रबंधन की जवाबदेही को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर मरीज की स्थिति क्या थी? क्या परिजनों को समय पर उसकी वास्तविक स्थिति की जानकारी दी गई? क्या उपचार के दौरान मरीज की मृत्यु हुई थी या उसे दूसरे अस्पताल ले जाने के समय उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी? इन सवालों का जवाब चिकित्सकीय दस्तावेजों, उपचार के रिकॉर्ड और निष्पक्ष जांच से ही सामने आ सकेगा।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा मौत के समय का खुलासा

मामले में युवक की मौत के सही समय को लेकर स्थिति फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही भगवत रजक की मौत के वास्तविक समय और उससे जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा अस्पताल में हुए उपचार, चिकित्सकीय दस्तावेजों और परिजनों के आरोपों की पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

अस्पताल प्रबंधन की सफाई–दो बार सीपीआर देकर मरीज को किया रिकवर

वहीं, हेल्थ सिटी हॉस्पिटल प्रबंधन ने परिजनों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भगवत रजक की हालत बेहद गंभीर थी। उपचार के दौरान उसे दो बार सीपीआर दिया गया, जिसके बाद उसे रिकवर किया गया और इलाज जारी रखा गया। अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि मरीज की स्थिति और उपचार की जानकारी परिजनों को भी दी गई थी तथा उसे वेंटिलेटर पर रखा गया था। प्रबंधन के अनुसार, परिजन अपनी जवाबदारी पर मरीज को दूसरे अस्पताल लेकर गए थे, जहां उसकी मौत हुई।

विधानसभा में नोडल अधिकारियों को दिया ई-विधान का प्रशिक्षण

विधानसभा के कामकाज को पेपरलेस बनाने पर जोर

भोपाल, यश भारत।

मध्यप्रदेश विधानसभा में बुधवार को राज्य मंत्रालय के नोडल अधिकारियों के लिए ई-विधान प्रणाली के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अधिकारियों को डिजिटल माध्यम से विधानसभा संबंधी कार्यों के निष्पादन की प्रक्रिया और प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को ई-विधान प्रणाली की कार्यप्रणाली ऑनलाइन प्रक्रियाओं और डिजिटल माध्यम से शासकीय कार्यों के संचालन के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही विधानसभा से जुड़े कार्यों को ऑनलाइन संपादित करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विधानसभा की कार्यप्रणाली को आधुनिक तकनीक से जोड़ना और कागजी प्रक्रिया को कम करते हुए कामकाज को अधिक सुगम पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना है। ई विधान प्रणाली के माध्यम से विधानसभा की विभिन्न प्रक्रियाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

नलों में आ रहा नालियों का दूषित पानी, पी रहे लोग, पार्षद धरने पर बैठे

भोपाल ,यश भारत।

वार्ड क्रमांक 4 बरसई में पेयजल व्यवस्था की बदहाली को लेकर मंगलवार को भाजपा पार्षद संजय कुशवाह नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सक्सेना को ज्ञापन सौंपकर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन बदलने और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। पार्षद ने बताया कि वार्ड में कई वर्षों से पाइपलाइन की समस्या बनी हुई है। कहीं पाइपलाइन फूटी है तो कहीं लाइन ही नहीं है। हालात यह हैं कि नालियों का गंदा पानी पेयजल पाइपलाइन में मिलकर घरों तक पहुंच रहा है। इससे रहवासियों को दूषित



पानी पीने की मजबूरी है। पार्षद ने प्रशासन से तत्काल पाइपलाइन बदलने की मांग की। सीएमओ राजेंद्र सक्सेना ने समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ।

10 दिन में समाधान नहीं तो आंदोलन–संजय कुशवाह ने चेतावनी दी है कि पाइपलाइन नहीं बदली गई तो वार्डवासियों के साथ तहसील कार्यालय पर उग्र प्रदर्शन करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगे।

घरों से निकला कचरा बना मुसीबत, सड़कों पर ढेर

चेतावनी के बाद भी नहीं जागा प्रशासन, सफाई कर्मचारियों की नाराज़गी का खामियाज़ा भुगत रही भोपाल की जनता

भोपाल, यश भारत।

एक तरफ राजधानी के आम लोग प्रकाश पर्व दीपावली के स्वागत और उल्लास के लिए अपने-अपने घरों की गहन साफ-सफाई में जुटे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल ने पूरे शहर को कचरे के ढेर में तब्दील कर दिया है। स्थिति यह है कि पिछले दो दिनों से लोगों द्वारा घरों की सफाई के दौरान निकाला गया अतिरिक्त कचरा और कबाड़ मुख्य सड़कों, गलियों और चौराहों पर ही पड़ा हुआ है, जिसे उठाने वाला कोई नहीं है।

घरों की सफाई का कचरा और हड़ताल बनी जी का जंजाल–त्योहारी सीजन के मद्देनजर इन दिनों हर घर में विशेष सफाई अभियान चल रहा है। घरों से निकलने वाला पुराना सामान, कचरा और मलबे जैसी चीजें लोग सड़कों के किनारे या कॉलोनियों के बाहर डाल रहे हैं। लेकिन, सफाई कर्मियों के काम पर न होने के कारण यह कचरा सड़कों पर ही सड़ रहा है। न्यू मार्केट, एमपी नगर, पुराने शहर के बाजारों से लेकर आवासीय कॉलोनियों तक हर तरफ कचरे के अंबार और उससे उठने वाली दुर्गंध ने नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है।





सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बीते दिनों जोरदार प्रदर्शन किया था। कर्मचारियों को उम्मीद थी कि इस आंदोलन के बाद शासन या नगर निगम प्रशासन की तरफ से उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक पहल होगी। लेकिन, कोई ठोस आश्वासन न मिलने के कारण कर्मचारियों ने काम ठप कर दिया, जिससे अब यह विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। त्योहार की इस व्यस्तता के बीच बाजारों और गलियों में फैली इस गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियां फैलने का गंभीर खतरा मंडराने लगा है। त्योहारी उमंग के बीच मक्खियों-मच्छरों के प्रकोप और गंदगी के ढेरों ने बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों की सेहत पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। व्यापारियों और शहरवासियों का कहना है कि जब प्रशासन को यह भली-भांति पता था कि इस सीजन में घरों और बाजारों से सबसे अधिक कचरा निकलता है, तो ऐसे में समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई? फिलहाल, शहर की जनता की निगाहें एक बार फिर नगर निगम के उच्च अधिकारियों पर टिकी हैं कि वे कब इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हैं और त्योहारी सीजन में शहर को इस बदहाली से मुक्ति दिलाते हैं।

खेत से कृषि उपकरण चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार



नरसिंहपुर यशभारत। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं चोरी की घटनाओं का त्वरित खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी तथा चोरी गई संपत्ति की बरामदगी हेतु नरसिंहपुर पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर 2026 की दरमियानी रात अज्ञात चोरों द्वारा प्रार्थी के खेत से ट्यूबवेल की 250 मीटर कॉपर लीड, नोजल पाइप की एल्युमिनियम बैंड, 2 एल्युमिनियम टी, पाइप स्टॉपर एवं 7 पीतल के नोजल चोरी कर लिए गए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 303 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गोटेगांव लोकेश मार्को नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया गठित टीम को जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सौहजनी से लाठगांव के बीच जंगल में कुछ व्यक्ति केबल तार जला रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर दो व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम बसंत उर्फसंतु चौधरी पिता दशरथ चौधरी उम्र 25 वर्ष एवं नीरज चौधरी पिता राजेश चौधरी उम्र 25 वर्ष निवासी बगासपुर बताए। पुलिस के अनुसार दोनों ने चोरी की वारदात स्वीकार की।

आरोपियों के संयुक्त कब्जे से चोरी की गई 250 मीटर ट्यूबवेल कॉपर लीड जली हुई अवस्था में, एल्युमिनियम बैंड, 2 एल्युमिनियम टी, पाइप स्टॉपर एवं 7 पीतल के नोजलए कुल कीमत 34,000 तथा वारदात में प्रयुक्त बिना रजिस्ट्रेशन नंबर की नीले रंग की बजाज प्लैटिना मोटर साइकिल कीमत लगभग 40,000 जब्त की गई। इस प्रकार कुल 74,000 का मशरूका जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के

किया जा रहा मजदूरों की जान से खिलवाड़

माल वाहक वाहनों में ठोये जा रहे भेड़-बकरी की तरह मजदूर



नरसिंहपुर यशभारत। इन दिनों माल वाहक वाहनों में मजदूरों को भेड़-बकरियों की तरह लाद कर यहां से वहां ले जाया जा रहा है जिनके साथ काफी भी दुर्घटना घटित हो सकती है। अभी कुछ माह पहले छोटा हाथी पलटने से कई मजदूर घायल हो चुके है इसके बावजूद भी इन पर कोई कार्यवाही नही हो रही है।

नगर की सड़कों पर माल वाहक वाहनों का मजदूरों को यहां से वहां खुले आम ले जाया जा रहा है। ठेकेदार कुछ पैसे बचाने के चक्कर में माल वाहक वाहन में लेंटर डालने का सामान और मजदूरों को भरा जा रहा है इतना ही नही छोटा हाथी के पीछे टोचिंग करके मिक्सर मशीन भी ले जायी जा रही है और यातायात नियमों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। इससे आए दिनवाहन पलटने की घटनाएं सामने आ रही है। परिवहन विभाग व यातायात विभाग कुम्भकर्णी नींद सोए हुए हैं। पुलिस की तैनाती चौक-चौराहों में होने के बावजूद भी ऐसे वाहनों पर पुलिस नकेल डालने में नाकाम साबित हो रही है। गौरतलब है कि जहां भी यातायात पुलिस के कर्मचारी तैनात हो वहां से बिना कार्रवाई के ऐसे वाहनों को गुजरते हुए आम देखा जा सकता है। कढ़ाई से ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं होने से लोग भी बाज नहीं आ रहे हैं। रोज कोई न कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण लोग कीमती जाने गंवा रहे हैं। मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मालवाहक वाहनों को सिर्फसामान ढोने के लिए ही प्रयोग में लाया जा सकता है। सवारियां या मजदूर लाना, ले जाना गैर-कानूनी है। बावजूद इसके नियमों का उल्लंघन खुलेआम किया जा रहा है। जनापेक्षा की जा रही है ऐसे माल वाहक वाहनों पर कठोर कार्यवाही हो।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



गोटेगांव यशभारत। श्री देव मुरलीधर हायर सेकेंडरी स्कूल गोटेगांव में बुधवार को सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव की न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रियंवदा एस राजोरिया ने छात्र छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को गुड टच.बैड टचए पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह की रोकथाम, मोटर व्हीकल एक्ट, मोबाइल के सदुपयोग दुरुपयोग और साइबर अपराध से बचाव के बारे में विस्तार से समझाया।

उन्होंने महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी साइबर क्राइम 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 एवं नालसा हेल्पलाइन 15100। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सोशल वर्कर अमृतांश दुबे ने भी बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में प्राचार्य शिव शंकर पाठक, उपप्राचार्य संदीप कुमार जैनए मैनेजर संदीप वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं एवं पैरा लीगल वालंटियर

रिश्तों की मधुरता बनाए रखें, जातिवाद छोड़ राष्ट्र निर्माण के लिए आगे आएं - पं. विपिन बिहारी



गोटेगांव यशभारत। मणि नागेंद्र सिंह सैनिक स्कूल के समीप मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं पटेल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के छठवें दिवस बुधवार को कथाव्यास पं.विपिन बिहारी महाराज ने श्रद्धालुओं को रिश्तों की मधुरता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। महाराज श्री ने कहा कि मंथरा ने उस घर को तोड़ दिया था, जहां स्वयं भगवान श्रीराम निवास करते थे। आज की मंथराएं भी परिवारों को आसानी से तोड़ सकती हैं। इसलिए ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य को जीवन में स्थान न दें। परिवार की एकता ही सुखी जीवन का आधार है।

हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश



कथा के दौरान गोटेगांव मुस्लिम समाज ने व्यासपीठ पूजन किया। महाराज श्री ने कहा कि भारत का हिंदू यदि स्वामी विवेकानंद और मुसलमान यदि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम बन जाए तो देश की तरफ कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता। रामभक्ति के साथ राष्ट्रभक्ति भी उतनी ही आवश्यक है। राष्ट्र सुरक्षित रहेगा तभी धर्म सुरक्षित रहेगा। जातिवाद पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज सोच जाति तक सीमित हो गई है, जबकि सोचना राष्ट्र के लिए चाहिए। जाति के नाम पर लड़ते रहे तो राष्ट्र कमजोर होगा। हमें जाति-पंथ से ऊपर उठकर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति दायित्व निर्वहन की पहली जिम्मेदारी संत समाज की, दूसरी राजनेताओं की, तीसरी शिक्षकों की और चौथी चिकित्सकों की है। पूतना वध प्रसंग पर उन्होंने कहा कि हम सबके मन में पूतना रूपी बुराइयां हैं। बाल गोपाल की शरण में जाकर ही इन विकारों से मुक्ति मिल सकती है। छठवें दिवस पर मुस्लिम समाज, स्वर्णकार समाज गोटेगांव-नरसिंहपुर, स्वर्णकार महिला समाज करेली, छरिया समाज, व्यापारी संघ, राजपूत क्षत्रिय महासभा, श्री रामानंद न्यास, सरपंच संघ, सचिव संघ, लोधी क्षत्रिय महासभा सहित विभिन्न संगठनों ने व्यासपीठ पूजन किया। इस अवसर पर छिंदवाड़ा सांसद विवेक साहू, पूर्व विधायक संजय शर्मा, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल, फाउंडेशन सचिव सरदार सिंह पटेल ने भी पूजन कर आशीर्वाद लिया। कथा का समापन गुरुवार 5 नवंबर को होगा। प्रातः 8 बजे पूजन-पाठ, 10 बजे हवन, दोपहर 1 बजे से 3. 30 बजे तक कथा और इसके

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

तेंदूखेड़ा यशभारत। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए सम्माननीय न्यायाधीश शिवकांत कुशवाहा एवं विकासखंड नोडल अधिकारी रजनीश जैन सम्मिलित हुए। न्यायाधीश श्री कुशवाहा छात्रों को संबोधित करते हुए नशा एवं बुरी आदतों से दूर रहकर लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की सीख दी गई। किसी भी प्रकार का अपराध या गलती होने पर छात्रों को अपने माता पिता एवं शिक्षकों को जानकारी प्रदान करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य द्वारा सभी आगंतुकों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया एवं अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला परिवार के सभी सदस्यों की महती भूमिका रही।



सांसद दर्शन सिंह ने सरस्वती शिशु मंदिर तेंदूखेड़ा के लिए स्वीकृत किए पांच लाख रुपये

तेंदूखेड़ा यशभारत। नर्मदापुरम-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर तेंदूखेड़ा में भैया-बहनों की सुविधा के लिए टीन शेड निर्माण हेतु पांच लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से विद्यालय परिसर में बैठने की बेहतर व्यवस्था विकसित की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि प्रांतीय संस्कृति महोत्सव के उद्घाटन सत्र के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से माननीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी को टीन शेड निर्माण के लिए मांग पत्र सौंपा गया था। सांसद जी ने विद्यालय की आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए उक्त मांग पर सकारात्मक पहल की और पांच लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। इस स्वीकृति पर विद्या भारती परिवार एवं सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रबंधन समिति ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण साबित होगा। विद्यालय परिवार ने इस सहयोग के लिए सांसद का सादर धन्यवाद एवं अभिनंदन किया है।

टीन शेड निर्माण से भैया-बहनों को मिलेगी बैठने की बेहतर सुविधा, विद्यालय परिवार ने जताया आभार

1 000 दीपों से जगमग होगा श्री राम दरबार



करेली यशभारत। दीपोत्सव का पर्व मुख्य रूप से अंधकार पर प्रकाश की, बुराई पर अच्छाई की और अज्ञान पर ज्ञान की विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। करेली नगर के अति प्राचीन देवालय श्री राम मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम मंदिर सेवा समिति सनातन मंदिर समिति के द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। श्री राम मंदिर के प्रधान पुजारी पं.शिवनारायण दुबे एवं आयोजक समिति ने बताया कि प्रथम दिवस 8 नवंबर प्रातः भगवान श्री राम की आरती के पश्चात भगवान श्रीराम का सुबह 9 से रंगोली कार्यक्रम एवं रात्रि 9 बजे से दीपोत्सव कार्यक्रम संपन्न होगा द्वितीय दिवस दैनिक संध्या महा आरती 7. 30 के उपरांत प्रभु श्री राम को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे एवं नगर भोज विशाल भंडारा होगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में आप हम सभी, अपनी सहभागिता एवं सहयोग प्रदान करें। बताया गया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान श्री राम 14 वर्ष का वनवास और लंका के राजा रावण का वध करने के बाद माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे थे। उनके स्वागत में अयोध्या वासियों ने घी के दीये जलाए थे, तभी से यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन समुद्र मंथन के दौरान धन और समृद्धि की देवी माता लक्ष्मी तथा आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जाती है। श्री राम मंदिर सेवा समिति द्वारा अपने अथक प्रयास से कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर सभी सदस्यों को अपनी जिम्मेदारी से अवगत कराकर कार्यभार सौंप दिया है।

बेटी शुभी ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

गोटेगांव यशभारत। श्रीधाम की बेटी शुभी पटेल ने जबलपुर में आयोजित भव्य



जबलपुर संस्कारधानी सीजन 2 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मिसेज संस्कारधानी का प्रथम विजेता खिताब जीत लिया है। उनकी इस उपलब्धि से श्रीधाम सहित पूरे नरसिंहपुर क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। इस भव्य आयोजन का संचालन शहर की प्रतिष्ठित फैशन एवं मॉडलिंग एजेंसी ट्राइडेंट ग्रुप जबलपुर द्वारा किया गया।

दीपावली के मद्देनजर नपा परिषद गाडरवारा के बाजारों एवं दुकानों एवं गोदाम का निरीक्षण किया गया

गाडरवारा यशभारत। दीपावली पर्व के मद्देनजर आम नागरिकों को पॉलिथीन का उपयोग न करने अतिक्रमण न करने एवं अपने प्रतिष्ठानों का समान रोड तक ना रखने की हिदायत दी गई एवं प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार जिले में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में नगर पालिका गाडरवारा की संयुक्त टीम द्वारा के बंजारों दुकानों एवं गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सामग्री पाए जाने पर उसे जब्त किया गया। औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने सामग्री के भंडारण की स्थिति तथा दुकान में स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि त्योहारों पर भीड़भाड़ वाले स्थलो बाजारों पर आम जनों को आने-जाने में सुविधा रहे। इसलिए



अपने प्रतिष्ठानों को आगे की तरफ ना बढ़ाएं एवं दुकान का सामान अपने सीमा में ही रखें एवं पॉलीथिन का उपयोग न करें जो पूर्णत प्रतिबंधित है तथा ऐसा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। त्यौहारों के दौरान सुरक्षित आवा गवन निश्चित स्थान पर दुकान लगाने एवं सुनिश्चित करने के लिए जांच अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई के दौरान जवाहर वार्ड में सब्जी मंडी के सामने राजा श्रीवास्तव कहांकश के काफी पुस्तकों की दुकान पर जुर्माना के साथ पटाखों का भंडारण भी पाया गया जो बड़ा संवेदनशील था जिनके फटाखे जप्त किए गए क्योंकि उनकी काफी पुस्तकों की दुकान थी जिससे भी कभी भी कोई भी हादसा हो सकता था

इस कार्रवायी के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा अपनी नपा की टीम के साथ स्वयं ने मोर्चा संभाला। इस दौरान नगर पालिका से राजस्व उप निरीक्षक अमित कोष्टी एवं शहजाद बख्श स्वच्छता उप निरीक्षक संजय श्रीवास स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रदीप मिश्रा एवं देवी राम गौहार अतिक्रमण प्रभारी प्रमोद सिंह चौहान संजय व्यास नरेश रजक शैलेंद्र शर्मा पवन तिवारी दीपक प्रजापति अर्पित तोमर आकाश व्यास चंदन रुसिया साकेत श्रीवास देवेंद्र तोमर करण खटीक आकाश पिपरैहा अमित

खाद्य विभाग की कार्रवाई से मिठाई दुकानों में मचा हड़कंप





गाडरवारा यशभारत। दीपावली त्यौहार के मद्देनजर नगर में खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई से स्थानीय मिठाई विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। खाद्य सुरक्षा को लेकर सतर्कता के साथ खाद्य विभाग की टीम ने नगर की अनेक प्रमुख मिठाई दुकानों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने दुकानों में बिक रही मिठाइयों, उनमें उपयोग होने वाले मीठा मावा, केमिकल पाउडर, रंग तथा कारखानों में उपयोग होने वाली अन्य खाद्य सामग्रियों की बारीकी से जांच की।

जांच के दौरान कई दुकानों में एक्सपायर डेट के बिस्कुटए टॉफीए चिप्स एवं अन्य खाद्य सामग्री पाई गई, जिसे टीम ने मौके पर ही जप्त कर नष्ट कराया।

खाद्य विभाग की यह कार्रवाई सुबह से लेकर शाम तक निरंतर जारी रही। खाद्य अधिकारी कविता राठौर ने विभिन्न मिठाई दुकानों से मीठा मावा एवं मिठाई में उपयोग होने वाली सामग्री के सैंपल लिए। सैंपलों को सील चस्पा कर गुणवत्ता जांच के लिए लैब भेजा गया है तथा अग्रिम कार्रवाई हेतु उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा, राजस्व निरीक्षक अमित कोष्टी, बबलू चौहान, नरेंद्र कोरी, नरेश रजक सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे खाद्य विभाग ने चेतावनी दी है कि त्यौहार के समय मिलावटी एवं खराब गुणवत्ता की सामग्री बेचने वालों

इस वर्ष लिंगा में गौ माता पूजन

करेली यशभारत। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी राम मंदिर के स्थान पर इस वर्ष को दीपों के पर्व दीपोत्सव के दूसरे दिन अन्नकूट के परमा पर्व पर गौ पूजन कार्यकम करेली बरमान के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के बाजू से स्थित ग्राम पंचायत लिंगा के बैहर में मां नर्मदा के मंदिर के समीप एवीर हनुमान मंदिर के सामने किया जाएगा 9 नवंबर को 12 बजे सुबह परमा पर्व पर अवश्य उपस्थित होकर गौ माता का पूजन अर्जन करे। तदाशय की जानकारी भागीरथ तिवारी मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि एजी सी सी आई प्रदेश प्रेस संयोजक मीडिया प्रभारी मध्य प्रदेश ने दी है।

श्री शिवधाम डमरू घाटी न्यास की दान पेटी की हुई गणना



गाडरवारा यशभारत। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री शिवधाम डमरू घाटी न्यास की दान पेटी न्यास के पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति में खोली गई। मंदिर परिसर में विधिवत रूप से दान पेटी खोलकर राशि की गणना की गई। गणना के दौरान दान पेटी से कुल 1 लाख 40 हजार 899 रुपये की राशि निकली।

इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष हंसराज मालपानी, कोषाध्यक्ष जिनेश जैन, गोपाल मालपानी, कन्हैया यादव, श्याम राठी सहित अन्य सहयोगी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों की उपस्थिति में पूरी राशि की पारदर्शिता के साथ गिनती की गई। गणना कार्य में सभी ने अपना सहयोग प्रदान किया। न्यास के पदाधिकारियों ने बताया कि भक्तों द्वारा दान की गई यह राशि मंदिर के विकास कार्यों, धार्मिक आयोजनों एवं व्यवस्थाओं के सुधार में उपयोग की जाएगी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भक्तों की आस्था और सहयोग से ही श्री शिवधाम डमरू घाटी का निरंतर विकास हो रहा है।

लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के प्रतिनिधियों ने सीधे रेल मंत्री के समक्ष रखीं क्षेत्र की जन अपेक्षाएं



करेली यशभारत। होशंगाबा-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं के विस्तार एवं यात्रियों की समस्याओं के प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने नई दिल्ली स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सभागार मे केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में सिवनी मालवा, नर्मदापुरम, सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा एवं तेंदूखेड़ा सहित नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से जुड़े प्रतिनिधि शामिल रहे। बैठक में प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की रेल संबंधी आवश्यकताओं, यात्री सुविधाओं के विस्तार, प्रमुख ट्रेनों के ठहराव, अतिरिक्त कोच, रेलवे स्टेशनों के आधुनिकी करण, प्लेटफॉर्म एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों को सीधे रेल मंत्री के समक्ष रखा। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने क्षेत्रवासियों की अपेक्षाओं एवं जनहित से जुड़े सभी विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए प्रत्येक मांग पर मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्रत्येक रेलवे स्टेशन से संबंधित मांगों पर प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए शीघ्र उचित निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सांसद श्री चौधरी ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मेरे लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा क्षेत्रों में से सात विधानसभा क्षेत्र सीधे रेल नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। शेष उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र को भी रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के लिए हमारे प्रयास निरंतर जारी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे आधुनिकीकरण, यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं विश्वस्तरीय रेल अधोसंरचना के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। ऐसे में होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों का विकास तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। रेलवे के क्षेत्र में विशेष रुचि रखने वाले जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों को आज सीधे रेल मंत्री से मिलाने का उद्देश्य यही है कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं, आवश्यकताओं एवं जन अपेक्षाओं को स्वयं मंत्री के समक्ष रख सकें। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की सीधी भागीदारी से विकास कार्यों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले सांसद दर्शन सिंह चौधरी

रेल मंत्री ने की सांसद की पहल की सराहना

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सांसद दर्शन सिंह चौधरी सदैव अपने संसदीय क्षेत्र की जन अपेक्षाओं एवं विकास से जुड़े विषयों को केंद्र सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का कार्य करते हैं। वहीं पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अत्यंत अद्भुत एवं अभिनव प्रयोग है, जिसमें सांसद ने क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के प्रतिनिधियों को सीधे रेल मंत्री से संवाद करने का अवसर उपलब्ध कराया है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने सांसद श्री चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने क्षेत्र की समस्याएँ एवं मांगें सीधे देश के रेल मंत्री के समक्ष रखने का महत्वपूर्ण अवसर मिला है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस सकारात्मक पहल से होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

सज गये बाजार, नगर में देखी जा रही भीड़-भाड़

नरसिंहपुर यशभारत। आगामी दिनों में दीपोत्सव पर्व है और बाजार में अभी से रौनक दिखाई देने लगी है। नगर में लगी पूजन सामग्री, दीये सहित कपड़ों, लाईट व इलेक्ट्रानिक सामानों की दुकानों पर ग्राहकों को पहुंचना प्रारंभ हो गया है। वहीं कपड़ा व्यवसायियों द्वारा डिजाइन व फैशन वाले कपड़ों का स्टाक करके रख लिया है जो ग्राहकों को अपनी ओर खींच रहे है। वहीं रंग-बिरंगी लाईट की दुकानों पर भी ग्राहक काफी संख्या में पहुंच रहे है।

हार्दिक पांड्या छोड़ेंगे मुंबई इंडियंस का साथ

पंजाब किंग्स में ट्रेड होने की बड़ी खबर, अर्शदीप सिंह जाएंगे एमआई!

मुंबई, यशभारत। आईपीएल 2027 के 20वें सीजन के आगाज होने से पहले एक चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। पिछले सीजन में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करने वाले स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या आगामी सीजन में पंजाब किंग्स की जर्सी में नजर आ सकते हैं।



दरअसल, रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच हार्दिक पांड्या को लेकर एक बड़े ट्रेडज यानी खिलाड़ियों की अदला-बदली पर बातचीत अंतिम दौर में पहुंच चुकी है।

पंजाब किंग्स में जाएंगे पांड्या?

दरअसल, स्पोर्टस्टार की एक रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब किंग्स ट्रेड विंडो के जरिए हार्दिक पांड्या को अपनी टीम में शामिल करने के समझौते के बेहद करीब पहुंच गई है। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में पंजाब फ्रेंचाइजी की मुंबई इंडियंस के साथ बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है।

इस मेगा ट्रेड डील के तहत, भारतीय स्टार तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और विकेटकीपर-बल्लेबाज विष्णु विनोद के मुंबई इंडियंस (रूढ़) में जाने की पूरी संभावना है। अगर यह डील फाइनल होती है, तो अर्शदीप सिंह आईपीएल इतिहास में पहली बार पंजाब किंग्स के अलावा किसी दूसरी फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए दिखाई देंगे। बता दें कि हार्दिक पांड्या को ट्रेड करने के लिए मुंबई इंडियंस ने केवल पंजाब ही नहीं, बल्कि कम से कम 3 अन्य आईपीएल फ्रेंचाइजी के साथ भी संभावनाएं तलाशी थीं। खबरों की मानें तो पंजाब किंग्स के अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स (चयक्र) ही एकमात्र ऐसी टीम थी, जिसके साथ मुंबई इंडियंस की बातचीत काफी आगे बढ़ी थी।

पंजाब ने अर्शदीप को 18 करोड़ में रखा था बरकरार

गौरतलब है कि पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले अर्शदीप सिंह को रिलीज कर दिया था। हालांकि, ऑक्शन टेबल पर पंजाब ने च्वाइट टू मैचज (ऋक्षरू) कार्ड का इस्तेमाल करके उन्हें वापस अपनी टीम में शामिल किया। नीलामी के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद (स्क्रा) ने अर्शदीप के लिए अपनी बोली को 15.75 करोड़ रुपये से बढ़ाकर सीधे 18 करोड़ रुपये कर दिया था, जिसके बाद PBKS ने इसी मैचिंग प्राइस (18 करोड़ रुपये) की पेशकश कर इस धाकड़ बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को अपने साथ बरकरार रखा था। हार्दिक पांड्या आईपीएल 2024 से पहले गुजरात टाइटंस से एक पूरी तरह से कैश डील के जरिए मुंबई इंडियंस में वापस लौटे थे। इससे पहले उन्होंने गुजरात टाइटंस के साथ दो बेहद सफल सीजन बिताए थे, जहां 2022 में उन्होंने अपनी कप्तानी में टीम को डेब्यू सीजन में ही खिताब जिताया था। हालांकि, मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनकी वापसी सफल नहीं रही।

सिंधु और चानू समेत 10 खिलाड़ी आईओए एथलीट्स कमीशन में निर्विरोध निर्वाचित

सुधा सिंह और किदांबी श्रीकांत के नाम वापस लेने से मतदान की जरूरत नहीं पड़ी, 7 नवंबर को होगा चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का चुनाव

नई दिल्ली। यशभारत। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और मीराबाई चानू समेत 10 दिग्गज खिलाड़ियों को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट्स कमीशन में निर्विरोध चुन लिया गया है। मंगलवार को रिटर्निंग ऑफिसर संजय के. श्रीवास्तव ने सभी 10 सदस्यों के निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की। आयोग में पांच पुरुष और पांच महिला खिलाड़ियों को जगह मिली है। सभी सदस्यों का कार्यकाल 2026 से 2030 तक रहेगा। दो उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के कारण 3 नवंबर को प्रस्तावित मतदान रद्द करना पड़ा।

पूर्व एथलीट सुधा सिंह ने सोमवार देर रात अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। इससे पहले बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत भी सोमवार को चुनाव मैदान से हट गए थे। दोनों के हटने के बाद 10 पदों के लिए 10 ही उम्मीदवार शेष रह गए। ऐसे में सभी का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया और मतदान कराने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

आईओए के चुनाव नियमों के अनुसार 10 सदस्यीय एथलीट्स कमीशन में छह ऐसे खिलाड़ियों का होना अनिवार्य है, जिन्होंने पिछले तीन ओलंपिक में से कम से कम एक में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो। इस श्रेणी में तीन पुरुष और तीन महिला खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है। शेष चार सीटें उन खिलाड़ियों के लिए निर्धारित हैं, जिन्होंने पिछले तीन एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, विश्व चैंपियनशिप, विश्व कप या राष्ट्रीय खेलों में कम से कम एक पदक जीता हो। इस श्रेणी में दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ियों को जगह दी जाती है। ओलंपिक श्रेणी से पुरुषों में हॉकी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह, तैराक साजन प्रकाश और एथलेटिक्स खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर चुने गए हैं। महिलाओं में पीवी सिंधु, भारोत्तोलक मीराबाई चानू और तीरंदाज बॉम्बेला देवी को जगह मिली है। वहीं, पदक विजेता श्रेणी से पुरुषों में



निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और मंजीत सिंह तथा महिलाओं में हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और तलवारबाज भवानी देवी निर्वाचित हुई हैं। एशियाई ओलंपिक परिषद के एथलीट्स कमीशन के दो भारतीय प्रतिनिधि भी आईओए कमीशन के पदेन सदस्य होंगे। इनमें उपाध्यक्ष शिवा केशवन और हाल ही में नियुक्त राजेश्वरी कुमारी शामिल हैं। इस तरह चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के चुनाव में कुल 12 सदस्य मतदान करेंगे।

मैरी कॉम के कार्यकाल वाले आयोग के तीन सदस्य फिर चुने गए

आईओए के पूर्व एथलीट्स कमीशन की अध्यक्ष मुक्केबाज मैरी कॉम थीं। उस आयोग में पीवी सिंधु, मीराबाई चानू और भवानी देवी भी सदस्य थीं। तीनों खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी जगह बरकरार रखी है।

7 नवंबर को होगा नेतृत्व का फैसला

नए चुने गए सदस्य अब एथलीट्स कमीशन के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का चुनाव करेंगे। इन दोनों पदों में एक पुरुष और एक महिला का चुना जाना अनिवार्य है। इसके लिए 4 और 5 नवंबर को नामांकन दाखिल किए जाएंगे, जबकि 6 नवंबर को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी होगी। 7 नवंबर को वर्चुअल माध्यम से मतदान कराया जाएगा। चेयरमैन पद के लिए केवल ओलंपिक श्रेणी के छह सदस्य ही उम्मीदवार बन सकेंगे। वहीं, पदेन सदस्यों सहित सभी 12 सदस्य मतदान में हिस्सा लेंगे। एशियाई ओलंपिक परिषद के प्रतिनिधि शिवा केशवन और राजेश्वरी कुमारी इन पदों के लिए उम्मीदवार नहीं बन सकेंगे। नियमों के मुताबिक कोई सदस्य चेयरमैन-वाइस चेयरमैन के चुनाव अथवा आईओए की जनरल बॉडी के दो प्रतिनिधियों के चुनाव में से किसी एक के लिए ही उम्मीदवार बन सकता है।

कार्यकारी परिषद में भी मिलेगी अहम भूमिका

एथलीट्स कमीशन के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन आईओए की कार्यकारी परिषद के सदस्य भी बनेंगे। इसके अलावा आयोग के दो प्रतिनिधि, एक पुरुष और एक महिला, मतदान के अधिकार के साथ आईओए की जनरल बॉडी में शामिल होंगे। ये दोनों प्रतिनिधि 5 दिसंबर को होने वाले आईओए की कार्यकारी परिषद के चुनाव में भी मतदान करेंगे। हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे की उम्र फिलहाल 24 वर्ष है। इस कारण वह चेयरमैन या वाइस चेयरमैन पद का चुनाव नहीं लड़ सकतीं, क्योंकि इन पदों के लिए न्यूनतम आयु 25 वर्ष निर्धारित है। हालांकि, जनरल बॉडी के दो प्रतिनिधियों के चुनाव में उम्मीदवार बनने के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष है। ऐसे में सलीमा इस चुनाव में अपनी दावेदारी पेश कर सकती हैं।

34 हजार की क्षमता और 80 लाख दावेदार, वनडे विश्व कप 2027 में भारत-पाक मैच के टिकटों की मची भारी लूट

मुंबई,यशभारत। आईसीसी वनडे विश्व कप 2027 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले महामुकाबले के लिए टिकटों की अभूतपूर्व मांग चल रही है। जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में होने वाले इस मैच के लिए 80 लाख से अधिक टिकटों के अनुरोध आए हैं, जबकि स्टेडियम की क्षमता सिर्फ 34,000 सीटों की है। जानें आईसीसी (ढ्ढष्टष्ट) का क्या कहना है। क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता यानी भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैचों का क्रेज किस कदर सिर चढ़कर बोलता है, इसका अंदाजा आगामी वनडे विश्व कप 2027 के टिकटों की मांग से लगाया जा सकता है। जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच के लिए अब तक 80 लाख से अधिक प्रशंसकों ने टिकटों की मांग की है, जबकि इस ऐतिहासिक मैदान की दर्शक क्षमता महज 34,000 सीटों की है। ढ्ढष्टष्ट द्वारा जारी किए गए इन आंकड़ों ने



टिकटिंग इतिहास के पुराने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने हाल ही में पुष्टि की है कि भारत-पाकिस्तान मैच के टिकटों के लिए चल रहे बैलेट यानी लॉटरी प्रक्रिया के जरिए कुल 8,397,294 (लगभग 84 लाख) अनुरोध प्राप्त हुए हैं। दिलचस्प बात यह है कि 21 नवंबर को इसी मैदान पर होने वाले विश्व कप फाइनल के लिए अब तक लगभग 79 लाख अनुरोध ही आए हैं। यानी फाइनल मुकाबले से भी ज्यादा क्रेज भारत और पाकिस्तान के लीग मैच को लेकर है। बता दें कि, इस मेगा टूर्नामेंट के लिए आईसीसी की टिकट बैलट प्रक्रिया को दुनिया भर से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिल रही है। अब तक 193 देशों के प्रशंसकों की ओर से कुल 12 करोड़ से अधिक टिकट अनुरोध प्राप्त हो चुके हैं। इस प्रतियोगिता को लाइव देखने के लिए करीब 28 लाख अलग-अलग क्रिकेट प्रेमियों ने अपनी रुचि दिखाई है।

डब्ल्यूटीए 125 टेनिस टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना बना रहा टीएनटीए

चेन्नई (ईएमएस)। तमिलनाडु टेनिस संघ (टीएनटीए) अगले साल से देश में तीन से चार डब्ल्यूटीए 125 टेनिस टूर्नामेंट आयोजित कर सकता है। दिग्गज टेनिस स्टार विजय अमृतराज भी टीएनटीए के इस कदम का समर्थन कर रहे है। उनका कहना है कि चेन्नई ओपन जैसे डब्लूटीए टूर्नामेंट की मेजबानी खोने के बाद किसी न किसी मुकाबले की सख्त जरुरत है। जिससे कि उभरती हुई प्रतिभाओं को कोई मंच मिल सके।

अमृतराज का कहना है कि चेन्नई ओपन को भारत में ही बनाये रखे जाने की जरुरत थी पर डब्ल्यूटीए इसके लिए तैयार नहीं था। इसके पीछे उसने खराब मौसम और फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा इला के उभरने को बताया। एलेक्जेंड्रा के विजेता बनने के कारण नियमों के तहत टूर्नामेंट की मेजबानी फिलीपींस को दे दी गयी। अमृताराज ने ये भी माना है कि मौसम ठीक नहीं होने के कारण भारत में चेन्नई ओपन में बेहतर रैंकिंग वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी नहीं आ रहे थे। इससे भी फिलीपींस का पलड़ा भारी पड़ गया। इला, महिला रैंकिंग में शीर्ष 20 खिलाड़ियों में शामिल हैं.

रंग संसार



अभिनेत्री कनिका मान ने बताई पूर्व प्रेमी की हैवानियत भरी कहानी

मुंबई (यशभारत)। अभिनेत्री कनिका मान ने हाल ही में अपने जीवन के एक दर्दनाक अध्याय को साझा करते हुए अपने पहले रिश्ते के भयावह अनुभवों का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि किस तरह उनका पूर्व प्रेमी उनके साथ शारीरिक और भावनात्मक रूप से बुरा बर्ताव करता था, जिसने उनकी जिंदगी को नर्क बना दिया था। इस आपबीती ने उन कई महिलाओं की कहानी को सामने लाया है, जो ऐसे रिश्तों में फंसकर हिंसा का शिकार होती हैं। कनिका ने बताया कि कॉलेज के दिनों में जब उनका पहला बॉयफ्रेंड बना, तो वह मानसिक रूप से अस्थिर था और बेहद बुरा बर्ताव करता था। कनिका ने एक डरावनी घटना साझा की, जब उनके पूर्व प्रेमी ने बिना बताए उनकी क्लास में आकर उन्हें केवल धारीदार सूट पहनने की वजह से पूरे कॉरिडोर के सामने इतनी जोर से थप्पड़ मारा कि उनके कानों से खून बहने लगा। उस समय उनके कानों में हाल ही में छेद करवाए गए थे। उन्होंने बताया कि उस वक्त कोई भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया, जिसने उन्हें और भी अकेला महसूस कराया। यह केवल एक घटना नहीं थी। कनिका ने बताया कि उनका पूर्व प्रेमी उनके हर कदम पर नजर रखता था, उन्हें नियंत्रित करने की कोशिश करता था और उनका फोन छीनकर भीड़ में फेंक देता था। एक बार उसने उनके हॉस्टल के कमरे की चाबियां भी फेंक दी थीं, जिससे वह मुश्किल में पड़ गई।

कृति सेनन ने अंतरराष्ट्रीय फिल्म ऑब्सेशन के हिंदी संस्करण को दी अपनी आवाज

मुंबई (यशभारत)। अभिनेत्री कृति सेनन एक बार फिर अपने एक खास प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा का विषय बन गई हैं। इस बार उन्होंने एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म, ऑब्सेशन के हिंदी संस्करण के लिए अपनी आवाज दी है, जिसके लिए वह बेहद उत्साहित हैं। कृति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डबिंग सेशन की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं, जिनमें उनके साथ फिल्म भेड़िया के निर्देशक अमर कौशिक और उनके को-स्टार वरुण धवन भी नजर आए। इस तिकड़ी की मुलाकात ने फैंस को उनकी पुरानी ऑनस्क्रीन जोड़ी और पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री की याद दिला दी।



कृति ने अपने पोस्ट में बताया कि ऑब्सेशन जैसी शानदार फिल्म की सशक्त परफॉर्मेंस को हिंदी में अपनी आवाज देना उनके लिए एक अनूठा और बेहद खास अनुभव रहा। उन्होंने विशेष रूप से फिल्म में इंडेना नवरेटे के अभिनय की जमकर तारीफ की। कृति ने कहा कि डबिंग के दौरान इंडेना की परफॉर्मेंस को देखकर उनके एक बार फिर रोंगटे खड़े हो गए। अभिनेत्री के मुताबिक, यह एक बेहद शानदार फिल्म है जिसमें सभी कलाकारों ने अद्भुत काम किया है। उन्होंने इस प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट का एक छोटा-सा हिस्सा बनने पर अपनी खुशी भी व्यक्त की, जो उनके करियर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव जोड़ता है। डबिंग स्टूडियो में वरुण धवन और अमर कौशिक के साथ उनकी मुलाकात भी उनके पोस्ट का एक अहम हिस्सा बनी। कृति ने मजाकिया अंदाज में लिखा कि जब वुल्फपैक को किसी चीज का जुनून चढ़ जाए, तो कुछ ऐसा ही होता है। यह टिप्पणी उनकी हिट फिल्म भेड़िया के संदर्भ में थी, जहां तीनों ने साथ काम किया था। कृति ने दोनों के साथ दोबारा मिलना और काम के सिलसिले में एक साथ समय बिताना यादगार बताया और उनके प्रति अपना स्नेह व्यक्त किया। यह मुलाकात उनके प्रशंसकों के लिए भी एक ट्रीट थी, जो उन्हें फिर से एक साथ देखने का इंतजार कर रहे थे। ऑब्सेशन के हिंदी वर्जन के दो प्रमोशनल वीडियो भी कृति की आवाज में जारी किए जा चुके हैं।





किंग के नए गाने में सुहाना खान की पहली झलक को लेकर अटकलें

मुंबई (यशभारत)। अभिनेता शाहरुख खान की आने वाली फिल्म किंग को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। हाल ही में फिल्म का नया गाना तू मिल जाए जारी किया गया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता और बढ़ा दी है। इस रोमांटिक गाने में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। हालांकि, इस गाने के साथ एक और बात सुर्खियों में आ गई है। कई फैंस यह दावा कर रहे हैं कि उन्हें इस गाने में शाहरुख खान की बेटी, सुहाना खान की भी एक झलक देखने को मिली है। इस कथित झलक ने सोशल मीडिया पर चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है और लोग फिल्म में उनके किरदार को लेकर कयास लगा रहे हैं। यह खास सीन गाने के लगभग दो मिनट बाद आता है, जो देखने में एक एक्शन सीक्वेंस का हिस्सा प्रतीत होता है। इसमें एक लड़की आग की लपटों से घिरे एक घर की तरफ देखती हुई नजर आती है। हालांकि, लड़की का चेहरा स्पष्ट रूप से नहीं दिखता, लेकिन फैंस का मानना है कि यह सुहाना खान ही हैं, जिन्होंने शायद फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस छोटी सी झलक ने दर्शकों के बीच कई तरह की अटकलें पैदा कर दी हैं। एक फैन ने कमेंट किया, सुहाना खान? वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, मुझे लगता है कि किंग के नए गाने में ये सुहाना खान ही हैं। कुछ ने इससे भी आगे बढ़कर सवाल किए, जैसे क्या सुहाना खान किसी चीज का सिर पकड़े हुए हैं?

अमिताभ बच्चन ने गलत खबर पर मीडिया को लताड़ा

मुंबई (यशभारत)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपने ताजा सोशल मीडिया पोस्ट में मीडिया में छपी एक खबर को लेकर अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की है। अमिताभ ने आरोप लगाया है कि उनके शब्दों को मीडिया प्रचार के लिए गलत संदर्भ में पेश कर रहा है। इतना ही नहीं, सदी के महानायक ने इसके लिए मीडिया को कड़ी चेतावनी भी दी है। दरअसल, मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने हाल ही में एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें उन्होंने भगवान कृष्ण के लिए अक्सर इस्तेमाल होने वाली पारंपरिक पंक्ति, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की से जुड़ा एक भावुक संदेश और ब्लॉग लिखा था। अमिताभ का कहना है कि मीडिया ने इन शब्दों को तोड़मरोड़कर प्रस्तुत किया है।

अमिताभ ने स्पष्ट किया कि उनका पोस्ट वास्तव में भगवान कृष्ण के प्रति एक प्रार्थना थी और उनके शब्द न किसी राजनीतिक बयान का हिस्सा थे, न ही किसी विरोधी पर उन्होंने कोई तंज कसा था। उन्होंने कहा कि मीडिया ने ऐसी



खबर छापकर धार्मिक नजरिए से भी गलत किया है और इसे धर्म का निरादर भी बताया है। अपनी पोस्ट में, अमिताभ ने मीडिया में संबंधित खबर की हैडिंग का भी जिक्र किया, जिसमें उनके शब्दों को गलत तरीके से चुनौती के रूप में पेश किया गया था। उन्होंने कहा, और मीडिया उसका निरादर करके, अपना प्रचार करने के लिए, छापता है, देखिए ये अमिताभ अपने विरोधियों को चुनौती दे रहा है, की, ले आओ हाथी घोड़ा हम अपने हथियारों से लड़ेंगे, डरेंगे नहीं ! एक तो घोर निंदा एक जय श्री कृष्ण के उपलक्ष्य में, और दूसरा , शब्दों को पलट कर विरोधियों को चुनौती देने की बात कर रहे है।

अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए, दिग्गज अभिनेता ने मीडिया को एक कड़ा संदेश भी दिया, जिसमें कहा गया कि उनके पांच करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हैं और अगर उन्हें केवल एक इशारा भी मिल जाए तो उनमें से दस प्रतिशत भी उनके समर्थन में आ जाएंगे, जिससे स्थिति भारी पड़ सकती है। मेगास्टार ने अपने पोस्ट के जरिए यह भी कहा कि जब किसी सार्वजनिक हस्ती से गलती होती है, तो वे तुरंत माफी मांग लेते हैं और सुधार करने का प्रयास करते हैं, लेकिन जब किसी भी मीडिया की तरफ से गलती होती है, तो उनकी तरफ से कोई माफी नहीं आती है।

खुला नाला दे रहा हादसों को न्योता

बाहर निकली सरिया से राहगीरों की जान को खतरा, जिम्मेदार नींद में

नारायणगंज , यशभारत। विकास कार्यों के नाम पर बन रही सीसी सड़कों और नालियों की हकीकत क्या है ?इसकी बानगी जनपद पंचायत नारायणगंज के समीप स्थित मुख्य मार्ग पर देखी जा सकती है। यहां बीच रास्ते में एक क्षतिग्रस्त और खुला नाला राहगीरों के लिए मौत का कुआं बना हुआ है। नाले से बाहर निकली लोहे की सरिया किसी भी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने अपनी आंखें मूंद रखी हैं।



स्थानीय लोगों का कहना है कि जनपद पंचायत के समीप स्थित यह नाला कुछ समय पहले भी इसी तरह क्षतिग्रस्त और खुला हुआ था। तब मीडिया द्वारा इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद जिम्मेदारों की नींद टूटी थी और आनन-फानन में मरम्मत कराकर नाले को ढंक दिया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों में मरम्मत कार्य की पोल खुल गई और नाला फिर से उसी खतरनाक स्थिति में आ गया है, जिससे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवालिया निशान लग गए हैं।

रोज गुजरते हैं सैकड़ों लोग और अधिकारी

बताया गया कि नारायणगंज एक तहसील मुख्यालय है और इसी मार्ग पर तहसील कार्यालय, लोक सेवा केंद्र सहित कई महत्वपूर्ण विभागीय कार्यालय संचालित हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, कर्मचारी, दोपहिया वाहन चालक और आम नागरिक इसी रास्ते से गुजरते हैं। रात के अंधेरे में या बारिश के दौरान यह खुला नाला और उसमें से झांकती सरिया जानलेवा साबित हो सकती है। सबसे ज्यादा खतरा पैदल चलने वालों और स्कूली बच्चों को है।

तहसील और लोक सेवा केंद्र जाने वाले मुख्य मार्ग पर लापरवाही की हद

बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे जिम्मेदार

स्थानीय नागरिकों में इस लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। उनका सीधा सवाल है कि क्या संबंधित विभाग किसी बड़ी दुर्घटना या अनहोनी का इंतजार कर रहा है। जब अधिकारी और कर्मचारी रोज इसी रास्ते से गुजरते हैं, तो उन्हें यह खुला नाला क्यों नहीं दिखता? हर बार खबर छपने के बाद ही क्यों लीपापोती की जाती है? सरकारी राशि से हो रहे निर्माण कार्यों में इतनी घटिया गुणवत्ता क्यों है और इसकी जवाबदेही कौन तय करेगा? स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल मौके का निरीक्षण कर इस खुले नाले का स्थायी और गुणवत्तापूर्ण सुधार कराया जाए, जिससे कोई अप्रिय घटना न घटे।



सुलगते धुएं ने उगला चोरी का राज

किसानों की मेहनत पर पानी फेरते दो शातिर रंगे हाथों गिरफ्तार

गोटेगांव/नरसिंहपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गोटेगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

एसडीओपी गोटेगांव लोकेश मार्को के नेतृत्व में गठित टीम ने खेत से ट्यूबवेल की केबल और कृषि उपकरण चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है।

जंगल में केबल जलाते रंगे हाथों पकड़ाए

दिनांक 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर की रात फरियादी के खेत से 250 मीटर ट्यूबवेल कॉपर लीड, एल्युमिनियम बैंड, टी, स्टॉपर व 7 पीतल के नोजल चोरी हो गए थे। रिपोर्ट पर थाना गोटेगांव में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सौहजनी से लाठगांव के बीच जंगल में कुछ लोग केबल जला रहे हैं। टीम ने तत्काल दबिश देकर दो युवकों को पकड़ा।

आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम बसंत उर्फ संतु चौधरी पिता दशरथ चौधरी उम्र 25 वर्ष एवं नीरज चौधरी पिता राजेश चौधरी उम्र 25 वर्ष निवासी बगासपुर बताया और चोरी करना कबूल किया।

पुलिस ने उनके कब्जे से जली हुई 250 मीटर कॉपर लीड, एल्युमिनियम-पीतल के उपकरण कीमत 34,000 एवं वारदात में प्रयुक्त नीले रंग की बिना नंबर की बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल कीमत 40,000 कुल 74,000 का मशरूका जब्त किया। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

सागर शराब कांड के बाद पूर्व सागर SP अनुराग सुजानिया का अचानक इस्तीफा



सागर, यशभारत । सागर जिले के पुलिस कप्तान पद से हटाए जाने के महज चार दिन बाद मध्यप्रदेश कैडर (2014 बैच) के आईपीएस अधिकारी अनुराग सुजानिया ने अचानक इस्तीफा दे देकर प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में खलबली मचा दी है। सुजानिया को हाल ही में सागर एसपी के पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय (PHQ) में एआईजी (AIG) बनाया गया था। सोमवार को उन्होंने अपना इस्तीफा सौंपते हुए नौकरी छोड़ने की वजह 'व्यक्तिगत' बताई है।

आईपीएस सुजानिया का इस्तीफा सरकार ने स्वीकार किया है या नहीं, इस पर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। वहीं, इस मामले पर IPS ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चंचल शेखर ने अनभिज्ञता जताते हुए टिप्पणी करने से परहेज किया है।

आईपीएस अधिकारी के अचानक इस्तीफे के बाद राज्य सरकार पूरी तरह हरकत में आ गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री स्वयं पुलिस मुख्यालय पहुंच रहे हैं, जहां वे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे।

दो जहरीली शराब कांडों से जुड़ा रहा कार्यकाल

सागर (बंडा) शराब कांडः हाल ही में सागर जिले के बंडा में जहरीली शराब पीने से आधिकारिक तौर पर 22 लोगों की मौत हुई थी, जबकि विपक्ष ने 40मौतों का दावा किया था। घटना के 60 दिन बाद सरकार ने सागर कलेक्टर और एसपी दोनों को हटाने के आदेश जारी किए थे। दो दिन पहले ही उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया था।

मुरैना शराब कांड (2021): इससे पहले जब अनुराग सुजानिया मुरैना के एसपी थे, तब वहां भी जहरीली शराब से 24 से ज्यादा लोगों की जान गई थी। जांच में पुलिस के संरक्षण में अवैध शराब बिक्री की पुष्टि होने के बाद उन्हें एसपी पद से हटाया गया था।

सागर शराब कांड के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एसपी अनुराग सुजानिया पर बेहद गंभीर आरोप लगाए थे। दिग्विजय सिंह ने मीडिया के सामने कहा था कि एसपी सुजानिया हर माह करीब 50 से 60 लाख रुपये की अवैध वसूली करते थे। उन्होंने एसपी को खुली चुनौती दी थी कि यदि उनके आरोप झूठे हैं, तो वे उन पर मानहानि का केस दर्ज कराएं, जिसे वे अदालत में साबित करने को तैयार हैं।

N H-30 पर काल बनकर दौड़ा बेकाबू ट्रक : केबिन काटकर निकाला ड्राइवर



मंडला । टिकरिया थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एनएच-30 पर कुड़ामैली घाट के पास ट्रक हादसा हुआ। जबलपुर की ओर से आ रहे ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। ट्रक पहले स्कॉर्पियो से टकराया और फिर सड़क किनारे खराब हालत में खड़े दूसरे ट्रक से भिड़ गया। इस भीषण हादसे में ट्रक ड्राइवर केबिन में फस गया जिसे जेसीबी से बाहर निकाला गया और अस्पताल में भर्ती किया गया है।जानकारी के अनुसार टक्कर के बाद वह केबिन में फंस गया था। स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से ड्राइवर को केबिन से बाहर निकाला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज पहुंचाया गया। स्कॉर्पियो सवार सुरक्षित बताए गए हैं। हादसे के बाद एनएच-30 पर जाम लग गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने का काम जारी रहा।

सरकारी जमीन पानी टंकी की भूमि पर अवैध कब्जा, कलेक्टर से शिकायत



राजस्व के जिम्मेदार मौन,ग्राम पंचायत पहुंची जनसुनवाई कलेक्टर के द्वार - कार्रवाई शून्य

मंडला। जनपद पंचायत मंडला अंतर्गत ग्राम जिला मुख्यालय से सटी हुई ग्राम पंचायत बड़ी खैरी में सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।आरडी कॉलेज के ठीक सामने स्थित पानी की टंकी और सामुदायिक भवन की बाउंड्रीवाल को तोड़कर सार्वजनिक भूमि पर ईंट की दीवार खड़ी कर कब्जा करने का नामजद आरोप किसी ग्रामीण पर लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बड़ी खैरी के सरपंच, पंचगण एवं ग्रामीण आज जिला योजना भवन, मंडला स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया, कि उक्त सार्वजनिक भूमि पानी टंकी के नीचे स्थित है और पंचायत की संपत्ति के रूप में दर्ज है। अतिक्रमणकारी द्वारा बाउंड्री तोड़कर निर्माण सामग्री डाली जा रही है और मजदूर लगाकर अवैध निर्माण जारी है। मौके पर ईंट, सीमेंट और पत्थर मौजूद हैं। रोकने के बाद भी इसके पहले भी दर्जनों अतिक्रमण कारियों ने कब्जा जमा लिया है। ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में अतिक्रमणकारी को नोटिस दिया गया था तथा तहसील कार्यालय में लिखित आवेदन देकर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की गई थी, लेकिन आज दिनांक तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे अतिक्रमण कारियों का हौसला बेरोकटोक बुलंद जारी है। पंचायत की बैठक में भी इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया है।

पंचायत की प्रमुख मांगें -

1. राजस्व विभाग द्वारा उक्त भूमि का सीमांकन किया जाए।
2. अतिक्रमण की निष्पक्ष जांच की जाए।
3. अवैध निर्माण को हटाकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाए।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है ,कि जनहित की शासकीय संपत्ति को अतिक्रमण से बचाया जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

33 केवी बिजली यार्ड में चोरी करने घुसीं तीन महिलाएं, मौत को दे रही थीं दावत

पुलिस ने किया गिरफ्तार, 220 केवी सतना-सितपुरा उपकेंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देकर कॉपर चोरी की कोशिश CCTV में कैद



सतना। कॉपर के कुछ तारों की चोरी के लिए तीन महिलाएं अपनी जान जोखिम में डालकर सीधे मौत के मुहाने तक पहुंच गईं। मामला 220 केवी सतना-सितपुरा विद्युत उपकेंद्र का है, जहां सुबह करीब 6:30 बजे तीन महिलाएं कॉपर चोरी करने के इरादे से 33 केवी यार्ड में घुस गईं। यहां बिजली की हाईटेंशन लाइन के बीच उनकी मौजूदगी किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही थी। गनीमत रही कि समय रहते सुरक्षा गार्ड की नजर ष्टष्ठञ्जङ्क कैमरे में कैद उनकी गतिविधियों पर पड़ गई और एक संभावित जानलेवा हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक, तीनों महिलाएं उपकेंद्र परिसर में दाखिल होकर कॉपर निकालने की कोशिश कर रही थीं। इसी दौरान ष्टष्ठञ्जङ्क कैमरों में उनकी गतिविधियां दिखाई दीं। सुरक्षा गार्ड ने बिना देर किए डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों महिलाओं को पकड़ लिया और आगे की कार्रवाई के लिए नागौद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

दो कदम की लापरवाही बन सकती थी आखिरी गलती

इस घटना का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि महिलाओं को शायद अंदाजा भी नहीं था कि वे जिस जगह कॉपर चोरी करने पहुंची हैं, वहां जरा सी चूक जानलेवा साबित हो सकती है। 33 केवी बिजली यार्ड में हाई वोल्टेज करंट का खतरा हर समय बना रहता है। ऐसे विद्युत उपकरणों के बेहद करीब जाने पर भी बिजली का आर्क बन सकता है और गंभीर हादसा हो सकता है। इसके लिए तार को सीधे छूना भी जरूरी नहीं होता। अगर सुरक्षा गार्ड की नजर समय रहते CCTV पर नहीं पड़ती तो परिणाम बेहद भयावह हो सकते थे। तीनों महिलाओं की जान जा सकती थी और विद्युत उपकेंद्र की व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती थी। बिजली उपकेंद्र जैसे संवेदनशील परिसर में इस तरह प्रवेश करना न केवल चोरी का प्रयास है, बल्कि अपनी और दूसरों की जिंदगी को खतरे में डालने जैसा भी है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

दोस्तों के बीच मजाक में चली गोली युवक के पेट में धसी, पुलिस रही बेखबर



अस्पताल में इलाज जारी, घटना से क्षेत्र में सनसनी

रीवा ।त्योहारी सीजन के बीच रीवा के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा दावों की पोल खुल गई। गोड़हाई स्थित पुरानी सब्जी मंडी में बाजार बंद होने के बाद दोस्तों के बीच कथित तौर पर मजाक-मजाक में चली गोली 25 वर्षीय लल्ला उर्फ शुभम खटीक के पेट में जा धंसी। गंभीर रूप से घायल युवक को उसके परिजन आनन-फानन में संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार युवक का नाम लल्ला खटीक उर्फ शुभम खटीक है। इसकी उम्र 25 साल है। युवक के साथ उसका मामा और दोस्त भी मौजूद हैं। युवक ने बताया कि सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत सब्जी मंडी में गोड़हाई बाजार में बाजार बंद होने के बाद बंदूक से मजाक कर रहे थे। मजाक मजाक में ही अचानक से गोली चल गई। गोली लगने से हड़कंप मच गया। गोली युवक लल्ला के पेट में जा धंसी। इसके बाद मामा लल्ला को लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचा। युवक का संजय गांधी अस्पताल में इलाज जारी है। रीवा की पुलिस आए दिन बड़े बड़े खुलासे करती है। सारी जानकारी मुखबिर से मिलती है लेकिन बीच बाजार गोली चल गई। एक युवक घायल हो गया लेकिन किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। एक पुलिस वाला मामले की जानकारी लेने अस्पताल नहीं पहुंचा। ऐसी ही पुलिस के भरोसे रीवा वालों की दिवाली मनने वाली है।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष कुमार शुक्ला द्वारा पी.जी. इंन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा. लि. प्लांट 18 इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई, जबलपुर से मुद्रित एवं 435 राजीव वार्ड सुभाष पार्क चौराहा कंदेली नरसिंहपुर से प्रकाशित स्थानीय संपादक विक्रांत पटेल * संपादक अम्बरीष तिवारी * एवं सलाहकार संपादक श्याम कटारे (फोन- 07792-231060) डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2025-27 *समाचार चयन के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार RNI No.MPHIN / 2015/64553 E-mail- narsinghpur@yashbharat.co.in (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)